दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471
# अमन लेखनी



एक्सरसाइज करने से मिलेगी......



गंभीर रोगों में कारगर........

वर्ष : 10 | अंक : 198 | लखनऊ, 28 जून, शुक्रवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने झांसी में निर्मित प्रदेश के 11वें प्लेज पार्क का किया उद्घाटन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में एमएसएमई की 90 लाख से अधिक इकाइयां मौजूद हैं।2017 में प्रदेश देशी की छठे नंबर की अर्थव्यवस्था थी, जो आज दूसरे स्थान पर आ गई है। यही कारण है कि रोजगार देने के मामले में यूपी आज पहले पायदान पर है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में राज्य के एमएसएमई उद्यमियों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। सीएम योगी गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरी दुनिया में एमएसएमई अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है। यूपी सौभाग्यशाली है कि यहां सैकड़ों साल से स्थानीय स्तर पर हस्तशिल्पी, कारीगर अपने उत्पादों का निर्माण करते रहे हैं। मगर विगत दशकों में उचित प्रोत्साहन के आभाव में हमारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम दम तोड़ रहा था। 2017 तक एमएसएमई उद्यमियों के बीच हताशा और निराशा थी। हमारा प्रदेश अर्थव्यवस्था और रोजगार में फिसड्डी था। कृषि के बाद एमएसएमई ही रोजगार सृजन का सबसे बड़ा क्षेत्र है। इसे ध्यान में रखते हुए 2017 के बाद से लगातार किये गये प्रयास के फलस्वरूप आज हमारा एमएसएमई उद्योग प्रदेश के विकास की रीढ़ बन चुका है।

### प्रदेश में 90 लाख से अधिक एमएसएमई इकाई

सीएम योगी ने कहा कि आज हम इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए प्रदेश के एमएसएमई प्रोडक्ट की शोकेसिंग करने में कामयाब हुए हैं। उन्होंने बताया कि आज 20 हजार करोड़ से अधिक के ऋण की सुविधा उद्यमियों को प्राप्त होने जा रही है। इसके साथ ही रैम्प योजना के तहत बंद हो रही इकाइयों के उत्थान का काम किया गया है। इसके अलावा उद्यम को नये स्तर पर पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गये हैं। प्रदेश में 90 लाख से अधिक एमएसएमई इकाई हैं। इनकी ब्रांडिंग, मार्केटिंग और शोकेसिंग में



हमने लंबी छलांग लगाई है। उन्होंने बताया कि झांसी में आज उद्घाटित हुआ रानी लक्ष्मीबाई प्लेज पार्क प्रदेश का 11वां प्लेज पार्क है। निजी क्षेत्र में उद्यमियों के लिए ये प्लेज पार्क अत्यंत ही लाभकारी होते हैं।

### औद्योगिक वातावरण के लिए एमएसएमई आवश्यक

मुख्यमंत्री ने बताया यूपी में आज निवेश का बेहतर वातावरण बना है। कानून का राज और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। उद्योग-धंधों के लिए ये कारक बहुत जरूरी होते हैं, इसके साथ ही औद्योगिक वातावरण के लिए एमएसएमई भी आवश्यक होते हैं। सीएम ने बताया कि डिफेंस उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश में डिफेंस कॉरीडोर बन रहा है। डिफेंस कॉरिडोर में अबतक 24 हजार करोड़ के निवेश को हमने यहां लागू कर लिया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में एमएसएमई पॉलिसी को कोविड काल में लागू किया था। सीएम ने पॉलिसी की खूबियां गिनाईं साथ ही फ्लेटेड फैक्ट्री को सफलतापूवर्क आगे बढ़ाने की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी सितंबर में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन होने जा रहा है। पिछले साल 70 हजार बायर्स ट्रेड शो में आए थे, इसबार यह संख्या और बढ़ेगी। इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए हमें अपने प्रदेश के प्रोडक्ट की बेहतरीन मार्केटिंग का अवसर मिलता है।

### सरकार हर स्तर पर अपने उद्यमियों के साथ

सीएम योगी ने बताया कि प्रदेश सरकार एमएसएमई उद्यमियों को मुख्यमंत्री उद्यमी बीमा का कवर देती है, अबतक 24 लाख से अधिक उद्यमियों ने इसमें रजिस्ट्रेशन कराया है। इसके अंतर्गत अगर किसी आपदा की चपेट में कोई उद्यमी आता है तो उसे 5 लाख रुपए तक का लाभ सरकार प्रदान करेगी। साथ ही साथ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत 5 लाख तक के ऋण को ब्याज मुक्त करने के लिए हमने कदम बढ़ाए हैं। आगामी 10 साल में 10 लाख सूक्ष्म उद्यमियों को इससे जोड़ने का लक्ष्य है। सीएम ने सभी उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार हर स्तर पर अपने उद्यमियों के साथ खड़ी है।

### 20 हजार करोड़ के ऋण वितरण का शुभारंभ

इस अवसर पर उन्होंने एमएसएमई यूनिट्स को बैंकों द्वारा 20 हजार करोड़ के ऋण वितरण का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने पीएमईजीपी, एमवाईएसवाई, ओडीओपी व मुद्रा योजना के लाभार्थियों को ऋण तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, ओडीओपी व केवीआईबी के लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण किया।

## समाजवादी पार्टी के मन में भारतीय इतिहास एवं संस्कृति के प्रति कोई सम्मान नहीं : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेंगोल (राजदंड) को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) पर प्रहार करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सपा के मन में भारतीय इतिहास एवं संस्कृति के प्रति कोई सम्मान नहीं है। योगी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, समाजवादी पार्टी के मन में भारतीय इतिहास और संस्कृति के प्रति कोई सम्मान नहीं है। उनका यह पोस्ट अंग्रेजी में है। उन्होंने कहा, सेंगोल पर उसके शीर्ष नेताओं की टिप्पणियां निंदनीय हैं। यह उनकी अज्ञानता को दर्शाती है। यह विशेष रूप से तमिल संस्कृति के प्रति इंडी गठबंधन की नफरत को भी दर्शाता है।

## भारत का गौरव है सेंगोल, पीएम मोदी ने इसे दिया सर्वोच्च सम्मान : योगी

लखनऊ। सेंगोल पर समाजवादी पार्टी के नेताओं की टिप्पणी पर सीएम योगी ने करारा प्रहार किया है। अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर सीएम योगी ने लिखा कि यह सपा नेताओं की अज्ञानता को दर्शाता है। सीएम योगी ने लिखा कि समाजवादी पार्टी के मन में भारतीय इतिहास और संस्कृति के प्रति कोई सम्मान नहीं है। सेंगोल पर उनके शीर्ष नेताओं की टिप्पणियां निंदनीय हैं। यह उनकी अज्ञानता को दशार्ती है। यह विशेष रूप से तमिल संस्कृति के प्रति इंडी गठबंधन की नफरत को भी दशार्ता है। सीएम योगी ने लिखा कि सेंगोल भारत का गौरव है। यह सम्मान की बात है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इसे संसद में सर्वोच्च सम्मान दिया। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के सांसद आरके चौधरी ने विगत दिनों प्रोटेम स्पीकर को पत्र लिखकर सेंगोल पर टिप्पणी की थी।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,077/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 75,410.39

निफ्टी 22,957.10

## आने वाला समय हरित युग, सरकार इसके लिए हर जरूरी कदम उठा रही : राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आने वाले समय को हरित युग बताते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को संसद में अपने अभिभाषण में कहा कि इसके लिए उनकी सरकार हर जरूरी कदम उठा रही है। राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, आने वाला समय हरित युग का है। मेरी सरकार इसके लिए हर जरूरी कदम उठा रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार हरित उद्योगों पर निवेश बढ़ा रही है। उन्होंने कहा, हरित ऊर्जा हो या फिर हरित मोबिलिटी, हम हर मोर्चे पर बड़े लक्ष्यों के साथ काम कर रहे हैं ।उन्होंने कहा



कि उनकी सरकार अपने शहरों को रहने के लिहाज से बेहतरीन स्थान बनाने के लिए भी प्रतिबद्ध है और प्रदूषण से मुक्त, साफ-सुथरे और सुविधायुक्त शहरों में रहना देश के नागरिकों का हक है। मुर्मू ने कहा कि पिछले 10 साल में, विशेष रूप से छोटे शहरों और कस्बों में अभूतपूर्व निवेश किया गया है।

# मोदी सरकार की बढ़ेगी टेंशन, संसद के दोनों सदनों में नीट का मुद्दा उठाएगा विपक्ष, बनाया खास प्लान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, विपक्षी इंडिया गठबंधन ने गुरुवार को कहा कि वह शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों में नीट विवाद पर स्थगन प्रस्ताव लाएगा। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर इंडिया गठबंधन दलों की बैठक में यह फैसला लिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर बहस के दौरान विपक्ष नीट, मुद्रास्फीति, बेरोजगारी, सीबीआई, ईडी और राज्यपाल कार्यालय के



कथित दुरुपयोग पर मुद्दे उठाएगा। विपक्षी सदस्य शुक्रवार को संसद परिसर में गांधी प्रतिमा पर एकत्र होंगे।

बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि बैठक में आज कई मुद्दों पर चर्चा हुई। संसद में सभी मुद्दों पर बहस होगी चाहे राष्ट्रपति का अभिभाषण हो या स्पीकर का चुनाव। डीएमके सांसद टी शिवा ने एएनआई को बताया, ''हम कल एनईईटी मुद्दे पर (संसद में) नोटिस देंगे।'' राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल ने कहा कि विपक्ष एकजुट है और वह संसद में नीट, अग्निवीर, महंगाई और बेरोजगारी तथा एमएसपी का मुद्दा उठाएगा। इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने भी सोमवार से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस में भाग लेने का फैसला किया संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन के बाद उनके अभिभाषण की प्रति बृहस्पतिवार को लोकसभा के पटल पर रखी गई और फिर सदन की कार्यवाही शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में अपनी मंत्रिपरिषद के सदस्यों का परिचय कराया। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले कैबिनेट मंत्रियों, फिर राज्य मंत्रियों (स्वतंत्र प्रभार) और फिर राज्य मंत्रियों के नामों एवं उनसे संबंधित विभागों का उल्लेख किया।

**संक्षिप्त समाचार**

### भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की हालत स्थिर, विशेषज्ञ कर रहे हैं जांच

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की हालत स्थिर है और विशेषज्ञों की एक टीम उनकी जांच कर रही है। एम्स अस्पताल के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी (96) की तबीयत बिगड़ने पर बुधवार रात उन्हें करीब साढ़े दस बजे यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के पुराने निजी वार्ड में भर्ती कराया गया था। एक सूत्र ने कहा, एल के आडवाणी की हालत स्थिर है। मूत्रविज्ञान, हृदयरोग विज्ञान और जेरिएट्रिक मेडिसिन सहित विभिन्न विशेषज्ञ उनकी जांच कर रहे हैं। आडवाणी की बीमारी के बारे में अभी पता नहीं लग पाया है।

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार, गोला बारूद बरामद

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व और विष्णुपुर जिलों के कुछ हिस्सों में तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों को अभियान के दौरान 11 ग्रेनेड, छह आईईडी, पांच .303 राइफल, तीन डेटोनेटर, एक कार्बाइन, एक बंदूक, विभिन्न प्रकार के बम और गोला-बारूद के अलावा चार वॉकी-टॉकी और दो रेडियो मिले। राज्य पुलिस ने एक बयान में कहा कि ये बरामदगी पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की ओर से चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान की गई।

# यूपी में कानून-व्यवस्था का बुरा हाल है, अपराधी और भाजपाई उड़ा रहे धज्जियां : अखिलेश यादव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि यूपी में कानून-व्यवस्था का बुरा हाल हो चुका है। भाजपा सरकार के सात वर्षों के कार्यकाल में कानून का राज समाप्त हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले ही पुलिस को आधुनिक बनाने का दावा कर रहे हैं, लेकिन यह किसी दिखावे से कम नहीं है। मुख्यमंत्री का अपराध नियंत्रण का दावा झूठा साबित हो चुका है। भाजपा सरकार हर मोर्चे



पर फेल है।

उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव में हार के बाद भाजपा जनता से बदला लेने पर उतारू है। सरकार का पुलिस पर नियंत्रण नहीं है। फिरोजाबाद में पुलिस हिरासत में एक व्यक्ति की मौत के बाद जनाक्रोश सड़कों पर आ गया। जरीफनगर में बदमाशों ने पांच वर्षीय मासूम का अपहरण कर लिया। निर्दोषों को प्रताड़ित किया जा रहा है। थाने में मौतें हो रही हैं। अपराधी बेलगाम हैं, दिनदहाड़े गोलियां चल रही हैं और हत्याएं हो रही हैं।

### 'अपराधी और भाजपाई कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रहे हैं'

अखिलेश ने कहा, भाजपा के कार्यकर्ता और नेता अराजकता पर उतारू हैं। अपराधी और भाजपाई कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार ने पुलिस का आधुनिकीकरण किया था। पुलिस को नई तकनीकी से लैस किया। न्यूयार्क पुलिस की तर्ज पर डायल 100 सेवा शुरू की। पुलिस विभाग को हजारों की संख्या में आधुनिक गाड़ियां दी थी।

## शर्मिंदा हूं कि यात्रियों को लोकल ट्रेनों में यात्रा करने के लिए मजबूर किया जाता है: बॉम्बे हाईकोर्ट

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मुंबई लोकल ट्रेनों में यात्रा के दौरान कई लोगों के हादसे के शिकार होने की खबरें आयी हैं। अब कोर्ट ने इस पर अपनी चिंता जाहिर की है। मुंबई लोकल ट्रेनों में यात्रा करते समय यात्रियों की उच्च मृत्यु दर को देखते हुए, बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को सेंट्रल और वेस्टर्न रेलवे के महाप्रबंधकों द्वारा व्यक्तिगत रूप से जांचे गए हलफनामे मांगे। कोर्ट ने इस गंभीर मुद्दे को संबोधित करने के लिए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल देवांग व्यास की सहायता भी मांगी। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस देवेंद्र उपाध्याय ने कहा, इस शब्द का इस्तेमाल करने के लिए खेद है। मुझे शर्मिंदगी महसूस होती है कि यात्रियों को लोकल ट्रेनों में यात्रा करने के लिए मजबूर किया जाता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रति हजार यात्रियों पर मृत्यु दर लंदन से कम हो जाएगी। चीफ जस्टिस और जस्टिस अमित बोरकर की बेंच विरार निवासी यतिन जाधव द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो पश्चिमी रेलवे लाइन पर रोजाना यात्रा करते हैं। याचिका में प्रणालीगत मुद्दों पर प्रकाश डाला गया है, जिसके कारण प्रति वर्ष लगभग 2,590 मौतें होती हैं। याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि डेटा से पता चलता है कि कॉलेज या काम पर जाने वाले यात्रियों में प्रतिदिन लगभग पांच मौतें होती हैं।

### यात्रियों का ट्रेन से गिरना

जाधव की ओर से पेश हुए अधिवक्ता रोहन शाह ने कहा कि इन मौतों का मुख्य कारण यात्रियों का ट्रेन से गिरना और रेलवे ट्रैक पार करते समय दुर्घटनाएं हैं। उन्होंने कहा कि मुंबई लोकल टोक्यो के बाद दूसरी सबसे व्यस्त रेलवे प्रणाली है और इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रति हजार यात्रियों पर मृत्यु दर 33.8 है, जबकि न्यूयॉर्क में यह 2.66 और लंदन में 1.43 है

# राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं : मायावती

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दावा किया कि उन्होंने केन्द्र सरकार की पिछले 10 वर्षों की जो उपलब्धियां गिनाई हैं, वे जमीनी हकीकत में बहुत कम तथा हवाहवाई ज्यादा हैं। मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया, आज राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में केन्द्र सरकार की पिछले 10 वर्षों की जो उपलब्धियां गिनाई हैं, वे जमीनी हकीकत में बहुत कम तथा हवाहवाई ज्यादा हैं।

बसपा प्रमुख ने अपने सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, केंद्र सरकार देश में बढ़ रही गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई तथा कमजोर वर्गों की समस्याओं को भी लेकर कतई गंभीर नहीं है। अगले पांच वर्षों के




उसके रोडमैप में भी कोई खास दम नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर होगा कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में सांसदों को आरोप-प्रत्यारोप के बजाय जनहित के जरूरी मामलों में सरकार का ध्यान खींचना चाहिए।

राष्ट्रपति ने बृहस्पतिवार को 18वीं लोकसभा में पहली बार दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपने अभिभाषण में कहा कि भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, पिछले दस साल में आठ प्रतिशत की दर से औसत विकास हुआ है जबकि यह कोई सामान्य काल नहीं था। उन्होंने कहा, यह विकास दर विश्व के विभिन्न हिस्सों में वैश्विक महामारी और संघर्ष के बीच हासिल की गयी है। यह पिछले दस वर्ष में सुधारों का परिणाम है। अकेले भारत ने वैश्विक विकास में 15 प्रतिशत का योगदान दिया है। मेरी सरकार भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम कर रही है।

# आप सासंदों ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध किया

## संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण का बहिष्कार किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी (आप) के सदस्यों ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से पहले संसद परिसर में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध किया। आप सांसदों ने ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग बंद करो और तानाशाही नहीं चलेगी जैसे नारे लिखी तख्तियां लेकर संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण का बहिष्कार करने की घोषणा की, इसे तीसरी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के गठन के बाद पहला राष्ट्रपति अभिभाषण माना जा रहा है। आप नेता संदीप पाठक ने न्याय की आड़ में तानाशाही कार्यों के खिलाफ विरोध करने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, राष्ट्रपति और संविधान सर्वोच्च हैं और जब न्याय




के नाम पर तानाशाही की जाती है, तो आवाज उठाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पार्टी राज्यसभा में अपनी असहमति व्यक्त करेगी। पाठक ने कहा, आज हम दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ राज्यसभा में विरोध प्रदर्शन करेंगे और राष्ट्रपति के अभिभाषण का बहिष्कार करेंगे। राष्ट्रपति और संविधान सर्वोच्च हैं और जब न्याय के नाम पर तानाशाही की जाती है, तो अपनी आवाज उठाना महत्वपूर्ण है। पाठक ने स्पष्ट किया कि विरोध करने का निर्णय अअढ द्वारा भारत गठबंधन में अन्य दलों के साथ समन्वय किए बिना स्वतंत्र रूप से लिया गया था।

उन्होंने कहा, हमने इस बारे में भारत गठबंधन के शेष दलों के साथ चर्चा नहीं की, लेकिन हमारी पार्टी राष्ट्रपति के अभिभाषण का बहिष्कार करेगी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार को केजरीवाल को आबकारी नीति मामले से संबंधित तीन दिनों की सीबीआई रिमांड का आदेश दिया। अवकाशकालीन न्यायाधीश अमिताभ रावत ने दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करने के बाद केजरीवाल की 29 जून, 2024 तक सीबीआई रिमांड की अनुमति दी। रिमांड के दौरान केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को रोजाना 30 मिनट उनसे मिलने की अनुमति होगी और उनके वकील की भी रोजाना 30 मिनट की मुलाकात होगी। इसके अलावा, केजरीवाल रिमांड अवधि के दौरान अपनी निर्धारित दवाएं साथ रख सकते हैं। अदालत की सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने अपना बचाव करते हुए तर्क दिया कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप मनगढ़ंत हैं और उनका उद्देश्य उनकी और उनकी पार्टी की प्रतिष्ठा को धूमिल करना है। उन्होंने कहा, सीबीआई दावा कर रही है कि मैंने मनीष सिसोदिया के खिलाफ बयान दिया है, जो पूरी तरह से झूठ है। मनीष सिसोदिया निर्दोष है, आम आदमी पार्टी निर्दोष है।

# एक्शन में सीएम योगी : साबरमती रिवर फ्रंट जैसा मनोरम होगा कुकरैल रिवर फ्रंट

● सीएम योगी की मंशा के अनुरूप कुकरैल नदी पर रिवर फ्रंट बनाने को लेकर तेज हुईं तैयारियां
रिवर फ्रंट डेवलपमेंट के लिए तैयार किया जा रहा डीपीआर, सीएम के समक्ष होगा प्रस्तुतिकरण
लखनऊ नगर निगम ने एसपीवी के गठन से संबंधित ड्राफ्ट शासन को उपलब्ध कराया
अहमदाबाद के साबरमती रिवर फ्रंट के अध्ययन को बनी समिति कर चुकी है स्थलीय निरीक्षण

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। लखनऊ में कुकरैल नदी के किनारे प्रस्तावित रिवर फ्रंट अहमदाबाद में स्थित साबरमती रिवर फ्रंट जैसा मनोरम और आधुनिक सुविधाओं वाला हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने के प्रयासों के क्रम में साबरमती रिवर फ्रंट, अहमदाबाद के अध्ययन के लिए गठित समिति द्वारा पिछले वर्ष ही इसका स्थलीय निरीक्षण एवं भ्रमण कर लिया गया है। रिवर फ्रंट बनाने की कार्यवाही लखनऊ नगर निगम के तहत पूर्ण की जाएगी। इसके लिए नगर निगम द्वारा एसपीवी के गठन से संबंधित ड्राफ्ट शासन को उपलब्ध कराया गया है, जो कि लखनऊ रिवरफ्रंट डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. के नाम से होगा।

## जल्द तैयार होगा डीपीआर

कुकरैल नदी के किनारे रिवर फ्रंट डेवलपमेंट के लिए संबंधित कंसल्टैंट द्वारा डीपीआर तैयार किए जाने की कार्यवाही की जा रही है तथा जल्द ही सीएम के समक्ष इसका प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार के विजन के अनुरूप कुकरैल नदी को पुनर्जीवित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही सीएम योगी के निर्देश पर विभागों को कुकरैल नदी को अविरल, निर्मल और प्रदूषणमुक्त किए जाने के मिशन पर लगाया गया है। इसका उद्देश्य गंदे नालों को कुकरैल में प्रवाहित होने से रोकना, नदी तट का सौन्दर्यीकरण, साइट डेवलपमेंट और ग्रीन बेल्ट विकसित करना है।



## नदी में नहीं जा सकेगा नालों का पानी

मुख्यमंत्री द्वारा कुकरैल नदी को प्रदूषण मुक्त और पुनर्जीवित करने के लिए नदी में गिरने वाले 39 नालों को इंटरसेप्ट करने के निर्देश दिए गए थे। इस क्रम में प्रथम चरण में 17 नालों को टेप करने का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। वहीं 12 नालों का आईडी कार्य क्रियाशील है और शेष इस महीने तक पूरा हो जाएगा। द्वितीय चरण में 22 नालों को टैपिंग कर 6 एमएलडी अशोधित सीवेज को कुकरैल नदी में गिरने से रोका जाएगा। वहीं तृतीय चरण में न्यूनतम जल प्रवाह बनाए रखने के लिए 40 एमएलटी क्षमता का एसटीपी बनाकर शोधित ट्रीटेड एफ्लुएंट को कुकरैल नदी में अपस्ट्रीम में छोड़ा जाएगा। अकबरनगर में नगर निगम की जमीन पर अवैध निर्माण ध्वस्त करने के बाद 1.50 हेक्टेयर भूमि पर एसटीपी का कार्य किया जाएगा।

## जल स्रोतों को किया जाएगा पुनर्जीवित

कुकरैल नदी में पानी की अविरल आपूर्ति के लिए वन क्षेत्र में कुकरैल नदी के जल स्रोतों और जल निकायों को पुनर्जीवित करने के लिए वॉटरपॉन्ड बनाए जाएंगे। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में जल स्रोतों और जल निकायों को पुनर्जीवित करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग और लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा कार्य किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) द्वारा 40 एमएलडी एसटीपी से पानी नदी में छोड़ा जाना प्रस्तावित है। वहीं सिंचाई विभाग द्वारा शारदा नगर के एस्केप चैनल से लगभग 5 से 15 क्यूसेक पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

# ट्रक-ट्राली की आमने सामने भिड़ंत, कई घायल, दो ट्रामा सेंटर रेफर

**अमन लेखनी समाचार**




लखनऊ। आम से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली की आमने सामने ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई, आम से भरी ट्रॉली पलट गई। जिसमें चार लोग घायल हो जिसमें दो की हालत गंभीर देख उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया. जहां दोनों का इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार रहीमाबाद थाना क्षेत्र के गहदो तिराहा के पास बृहस्पतिवार को माल की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली यूपी 32 जेड 5423 से चालक गोपाल (30) व मजदूर छोटू निवासी थावर माल संडीला मंडी में आम लेकर जा रहे थे। वहीं कन्नौज जनपद से लखनऊ मक्का लोड कर ट्रक यूपी 78 सीटी 1887 जा रहा था तभी गहदो तिराहे के निकट ट्रक व ट्रैक्टर ट्राली की आमने-सामने भिड़ंत हो गई. जिसमें ट्रक चालक विकास निवासी कन्नौज व क्लीनर आकाश व ट्रैक्टर चालक गोपाल , छोटू सहित चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुँचाया जहा ट्रक चालक विकास सहित ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार छोटू की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर भेज रेफर कर दिया जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस के मुताबिक दोनों चालक गंभीर रूप से घायल है। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों की तरफ से अभी कोई तहरीर नही हुई है ।

# घर से स्कूल के लिए निकला छात्र लापता

लखनऊ । आशियाना क्षेत्र में बुधवार सुबह घर से स्कूल जाने के लिये निकला एक 15 वर्ष का किशोर छात्र लापता हो गया स्कूल से छात्र का अपसेंट होने का मैसेज आने पर परिजनों ने किशोर की खोजबीन शुरू किया पर बेटा नहीं मिलो पिता ने आशियाना थाने पर शिकायत की है पुलिस मुकदमा दर्ज कर किशोर छात्र के तलाश में जुटी है आशियाना क्षेत्र के शारदा नगर रजनी खण्ड में हामिद अली अपनी पत्नी और एक बेटे और एक बेटी संग रहते है बेटा जैद पास में सेन्ट्रल एकेडमी स्कूल में कक्षा 9 का छात्र है पिता के मुताबिक उनका बेटा बुधवार सुबह करीब सवा छः बजे स्कूल यूनिफॉर्म पहन स्कूल जाने के लिए घर से निकला था लेकिन स्कूल नहीं पहुंचा स्कूल से छात्र के पैरेंट्स को अनुपस्थित होने की मोबाईल पर मैसेज दिया गया यह मैसेज मिलते ही छात्र के परिजन घबरा गए और स्कूल से पुष्टि किये जाने पर अपने बेटे की खोजबीन शुरू किये लेकिन बेटे का कहीं कोई पता नहीं चलो थक हार परिजनों ने स्थानीय थाना आशियाना पहुंचकर बेटे के गुम हो जाने की पुलिस से शिकायत की है आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के मुताबिक पिता की शिकायत पर गुमसुदगी की धारा में मुकदमा दर्ज कर किशोर की तलाश की जा रही है

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रोपेगा 5000 औषधीय पौधे




**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ । अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं श्री चित्रांश कायस्थ सभा द्वारा शहरी विकास एवं आवास मंत्री आदरणीय श्री कैलाश विजयवर्गीय के संकल्प 51 लाख पौधरोपण एवं स्वस्थ इंदौर स्वच्छ इंदौर कार्यक्रम में सहयोग करते हुए 5000 औषधीय पौधो का रोपण करने का निर्णय लिया है । इस वाटिका का नाम होगा श्री चित्रगुप्त वाटिका पौधरोपण अपने प्रियजन की स्मृति में किया जाएगा । महासभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीना सक्सेना राष्ट्रीय कार्यकारी महासचिव ,रत्नेश श्रीवास्तवने बताया कि इस अवसर पर इंदौर में संचालित समस्त कायस्थ संस्थाओं को आमंत्रित कर, अधिक से अधिक संख्या में पधार कर इस आयोजन को सफल बनाएंगे और पौधा रोपण करेंगे अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं चित्रांश कायस्थ समाज ने सदैव इंदौर शहर को खूबसूरत सौगात दी है, इसी श्रृंखला में कलम दवात चौराहे के नाम से जाना जाने वाला श्री चित्रगुप्त चौराहा इंदौर जो आज शिक्षा के क्षेत्र मेंअपनी अलग पहचान बना चुके इंदौर शहर को एक नई पहचान दे रहा है । चित्रगुप्त वाटिका भी इसी श्रृंखला की अगली कड़ी होगी। पौधा रोपण अपने प्रिय जन की स्मृति में किया जाएगा यह जानकारी चित्रांश कायस्थ समाज के अध्यक्ष श्री विजय सक्सेना ने दी ।

# उर्दू पढ़ाओ -उर्दू बढ़ाओ विषय पर सेमिनार व सम्मान समारोह आयोजित

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ, फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी उ0प्र0 सरकार के तत्वावधान में उर्दू पढ़ाओं -उर्दू बढ़ाओं विषय पर हिन्दी संस्थान में सेमिनार का अयोजन हुआइस अवसर पर दर्जनों विभूतियों को निशान-ए-उर्दू सम्मान से सम्मानित भी किया गया ।उर्दू पढ़ाओं-उर्दू बढ़ाओं के विषय पर सेमिनार में अपना पेपर पढ़ने वालों में डा0 मसीउद्दीन खान, डा0 यासिर जमाल, डा0 नुजहत फात्मा व अतिया बी शामिल थे। इसी विषय उर्दू पढ़ाओं-उर्दू बढ़ाओं पर कई कालेजो में लेख प्रतियोगिता भी करायी गयी थी, जिसमें लगभग 86 लेख प्राप्त हुए, इन लेखों को डा0 सरवत तकी, जर्रीन हयात व एस.एन.लाल ने जांचा। जिसमें 5 बच्चों को इनाम दिया गया, जिसमें पहला इनाम बसीरत फात्मा, दूसरा सैय्यद मुस्कान फात्मा को, तीसरा इनाम मनतशा रिजवी को और दो कान्सेलेशन इनाम में सालेहा और नूर फात्मा को मिला। निशान-ए-उर्दू सम्मान से 11 विभूतियो को सम्मानित किया गया उसमें नवाब जाफर मीर अब्दुल्लाह को मरणोउपरान्त दिया जायेगा, जिसको उनके भाई नवाब मसूद अब्दुल्लाह ने प्राप्त किया, इसके अलावा डा0 हरिओम, प्रो0 साबिरा हबीब, कुलसुम तलहा, डा0 एस. नसीम सुबूही, मनीष शुक्ला, डा0 फायजा अब्बासी, डा0 सरवत तकी, परवेज मलिकजादा, तबस्सुम फात्मा व श्वेता श्रीवास्तव अजल को सम्मानित किया गया है। ये सम्मान उन विभूतियों को दिया जा रहा है, जिन्होंने शिक्षित जीवन में उर्दू भाषा व साहित्य की शिक्षा प्राप्त नहीं की और न ही उर्दू भाषा के सहयोग से अपना जीवनयापन करते है, लेकिन फिर ये लोगे उर्दू के विकास के लिए काम करते रहते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में इरा मेडिकल काजेल के कुलपति प्रो0 (डा0) अब्बास अली मेंहदी शामिल थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार अहमद इब्राहिम अलवी ने की और विशिष्ठ अतिथियों में डा0 हरिओम आईएएस, अतहर सगीर जैदी तूरज जैदी (चेयरमैन-फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी), अतहर नबी व शौकत अली (सचिव-फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी) उपस्थित थे। अन्त में इस कार्यक्रम के कन्वेनर एस.एन.लाल ने सबका धन्यवाद किया।

# आलमबाग के गीतापल्ली वार्ड में लगना शुरू हुआ आजाद नगर पुलिस चौकी के निकट मिनी ट्यूबेल



● लगभग एक सैकड़ा परिवार को मिलेगी राहत
एक सप्ताह पूर्व पार्षद ने किया था आलमबाग जलकल कार्यालय का घेराव

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ । नगर निगम जोन पांच के गीतापल्ली वार्ड में विगत कई माह से पेयजल और दूषित पेयजल की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रवासियों की समस्या को लेकर गीतापल्ली वार्ड भाजपा पार्षद ऋचा आदर्श मिश्रा ने एक सप्ताह पूर्व स्थानीय निवासियों संग जलकल विभाग और नगर निगम का घेराव कर प्रदर्शन किया था ।जिस पर जलकल विभाग के अधिशाषी अभियंता सचिन सिंह यादव ने एक सप्ताह में पेयजल समस्या दूर करने का आश्वासन दिया था गुरुवार को जलकल विभाग द्वारा आजाद नगर पुलिस चौकी निकट मिनी ट्यूबेल का पार्षद प्रतिनिधि के द्वारा विधिवत पूजन संग नारियल तोड़ बृहस्पति वार सुबह शिलान्यास किया गया इस ट्यूबेल से करीब सौ परिवार लाभान्वित हो सकेंगे। क्षेत्र में ट्यूबेल लगने पर स्थानीय लोगो में काफी खुशी का माहौल व्याप्त रहा और स्थानीय पार्षद की खूब प्रसंसा की

# उधार दिए रुपए मागने पर पिता पुत्रों ने युवक को पीटा

लखनऊ । कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाले युवक को उधारी रुपए देना महंगा पड़ गया जब युवक ने अपनी उधारी दी गयी रकम मागा तो झल्लाए परिचित पिता पुत्रो ने युवक की जमकर पिटाई कर दी। वही पीड़ित युवक ने पिता व उसके पुत्रो के खिलाफ पुलिस से नामजद शिकायत की है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित स्नेहनगर निवासी हिमांशु तिवारी के अनुसार उसका दूसरा घर प्रेमनगर आलमबाग में है ।आरोप है कि पीड़ित ने कुछ दिन पूर्व अपने परिचित दामोदर नगर निवासी पिता पुत्रों को ?50 हजार मदद के तौर पर उधार दिए थे पीड़ित ने बताया कि कुछदिनों से वह पैसा उनसे वापस मांग रहा था जिसके चलते सत्यम, अनुज व उनके पिता राजू शुक्ला ने बुधवार शाम पीड़ित को रास्ते में ही गाड़ी समेत उसे अपने घर के पास रोक लिया और लाठी डंडों से जमकर मारपीटा ।वही कृष्णा नगर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पिता व पुत्रो पर मुकदमा दर्ज कर जांच कार्यवाही शुरू कर दिया है।

# पचास हजार रुपयों की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया राशू चौहान

शिक्षा विभाग में जिला समन्वयक के पद पर है कार्यरत
पत्नी है नूरपुर ब्लॉक प्रमुख

**अमन लेखनी समाचार**

बिजनौर। लालच बहुत बुरी बात है की तर्ज पर मिड-डे मील आपूर्ति वाली संस्था से एनओसी देने की एवज में 50 हजार रुपए की रिश्वत लेना शिक्षा विभाग के जिला समन्वयक राशू चौहान को भारी पड़ गया ।सतर्कता अधिष्ठान बरेली की टीम ने चौहान को कार्यालय परिसर से गिरफ्तार कर लिया। मुरादाबाद की महाराणा प्रताप सेवा संस्थान की ओर से साल 2022 तक बिजनौर जिले में मिड-डे मील की आपूर्ति की जाती थी ।इसके बाद इस संस्था से मिड-डे मील की आपूर्ति बंद करा दी गई और दूसरी संस्था को दे दिया गया ।बताया गया कि उक्त संस्था की बकाया राशि का भुगतान इसी साल 26 फरवरी को किया गया ।अब संस्था फिर से काम पाने के लिए एनओसी लेना चाहती थी।



आरोप है कि एनओसी की एवज में रासु चौहान द्वारा 50 हजार रुपये की डिमांड की गई। महाराणा प्रताप सेवा संस्थान के सुपरवाइजर धर्मेंद्र ने रिश्वत मांगे जाने की शिकायत सतर्कता अधिष्ठान में कर दी ।पांच दिन पहले विजिलेंस की टीम रेकी करते हुए सूचना को पुख्ता कर चुकी थी ।सतर्कता अभिष्ठान के एसपी अरविंद यादव के अनुसार बुधवार को टीम ने डीएम को सूचना देते हुए दो गवाह हासिल किए ।इसके बाद नोटों पर फिनोलफथेलिन पाउडर लगाया गया ।टीम ने रासू चौहान को उनकी ब्लॉक प्रमुख पत्नी के कार्यालय परिसर से गिरफ्तार करने के बाद उनके हाथ सोडियम बाई कार्बोनेट के घोल में धुलवाए। जिस पर घोल और हाथों का रंग लाल हो गया ।टीम नूरपुर थाने में प्राथमिक सूचना के देने के साथ ही अपने साथ ले गई। यहां बतातें चलें कि राशु चौहान पुत्र देवेंद्र कुमार निवासी रामूरूपपुर थाना शिवाला कलां अरसे से शिक्षा विभाग में जिला समन्वयक (मिड-डे मील) के पद पर कार्यरत है, वहीं उसकी पत्नी आकांक्षा चौहान वर्तमान में भाजपा से नूरपुर ब्लॉक प्रमुख है और आने वाले विधानसभा चुनाव में टिकट के लिए पार्टी का चेहरा बनने का प्रयास कर रही है ।लोगों का कहना है कि कुछ साल के भीतर ही अकूक संपत्ति एकत्र कर ली है ।उसने कई नामी बेनामी संपत्तियां ले रखी है ।धन के बल पर ही उसने अपनी पत्नी को ब्लॉक प्रमुख बनाया था ।इतना ही नहीं वह आने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी पत्नी को नूरपुर से भाजपा विधायक बनवाने का सपना देख रहा था, ताकि उसकी राजनीतिक पकड़ और अधिक मजबूत हो सके ।जिससे उसके कार्यो में कोई बाधा न आए। राशू चौहान की गिरफ्तारी से पूरे जिले में सरगरमियां तेज है ।खास तौर पर विपक्षी दलों के नेता चटकारे लेकर इस भ्रष्टाचार को भाजपा के संरक्षण से जोड़ रहे हैं

फिलहाल लालच के चक्कर में ही राशु चौहान को यह दिन देखना पड़ा

# उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बस स्टेशनों पर 24 घंटे मिलेगा ठंडा पानी

योगी सरकार यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। यात्रियों को आरामदायक यात्रा के साथ ही बस अड्डों पर भी उन्हें सभी तरह की सुविधाएं देने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में परिवहन निगम ने बुधवार को भारत पेट्रोलियम कंपनी के साथ एक एमओयू किया है। इसके तहत परिवहन निगम के 100 बस स्टेशनों पर वाटर कूलर लगाए जाएंगे। वाटर कूलर लगने के बाद यात्रियों को स्वच्छ एवं ठंडा पानी 24 घंटे उपलब्ध रहेगा।

## सीएसआर फंड का होगा उपयोग

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह के निर्देश पर प्रदेश सरकार की मंशानुरूप यात्रियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम एवं भारत पेट्रोलियम कंपनी के मध्य 100 बस स्टेशनों पर वाटर कूलर लगाने हेतु होटल ताज मे एमओयू साइन किया गया। एमओयू हस्ताक्षरित करते समय परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर, अपर प्रबंध निदेशक प्रणता ऐश्वर्या, मुख्य प्रधान प्रबंधक प्राविधिक राजीव आनंद तथा सभी प्रधान प्रबंधक उपस्थित थे। भारत पैट्रोलियम की तरफ से राहुल टंडन, बिजनेस हेड मनोज मेनन उपस्थित थे। प्रबंध निदेशक ने बताया कि बस स्टेशन पर 100 वाटर कूलर लगने के उपरांत यात्रियों को स्वच्छ एवं ठंडा पानी 24 घंटे उपलब्ध रहेगा। बीपीसीएल द्वारा यह कार्यवाही कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) उत्तरदायित्व के अंतर्गत की गई है। यह वाटर कूलर 80 लीटर पानी की क्षमता के होंगे। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी बीपीसीएल परिवहन निगम के साथ जुड़कर अन्य क्षेत्र में कार्य करेगा। उल्लेखनीय है कि मै. बीपीसीएल द्वारा परिवहन निगम में डीजल आपूर्ति का कार्य अन्य कंपनियों के साथ-साथ प्रारंभ किया गया है।

# शुरू हुआ विटामिन ए सम्पूरण अभियान

● 2.58 करोड़ बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम के तहत नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का अभियान 26 जून से शुरू हो गया है जो कि 25 जुलाई तक चलेगा।

प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा, ने बताया कि बच्चों को कुपोषण सहित अन्य बीमारियों से बचाना हमारी प्राथमिकता है और इसी क्रम में विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम एक पहल है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत पिछले 10 सालों में हम 53 प्रतिशत से बढ़कर 92 प्रतिशत बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने में सफल रहे। राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 अजय गुप्ता ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए विभाग पूरी तरह तैयार है। इस बार नौ माह से पांच साल तक के 2.58 करोड़ बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग व आईसीडीएस के जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है जो कि जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले स्वास्थ्य कार्यकताओं और हितधारकों को प्रशिक्षित कर चुके हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नियमित टीकाकरण के महाप्रबंधक डॉ0 मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि विटामिन ए सम्पूरण कार्यकम बाल स्वास्थ्य के लिये एक महत्वपूर्ण एवं उपयोगी कार्यक्रम है। इसके तहत नौ माह से पांच साल के बच्चों को साल में दो बार अभियान चलाकर विटामिन ए की खुराक पिलाई जाती है । विटामिन ए बच्चों को रतौंधी, अंधेपन, दस्त और निमोनिया जैसी गंभीर और प्राणघातक बीमारियों से तो बचाता है साथ ही रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ा कर बाल मृत्यु दर पर अंकुश लगाने मे भी मदद करता है। उन्होंने बताया कि बच्चों को विटामिन ए की खुराक देने से रेस्पेरेटरी ट्रैक यानि श्वसन तंत्र एवं अन्य स्थानों पर स्थिति एपिथीलियल लेयर के मजबूत होने से किसी भी संक्रमण की संभावना कम होती है। ऐसा बैक्टीरिया व वायरस के श्वसन तंत्र से भीतर जाने की गुंजाइश के काफी कम होने से होता है। विटामिन ए पीले, लाल और हरे फलों तथा सब्जियों में पाया जाता है। इसलिए आम, पपीता, गाजर, पालक आदि का सेवन जरूर करें और बच्चों को भी इनका सेवन कराना सुनिश्चित करें।

# बैक से रिटायर्ड बुजुर्ग का युवती संग फोटो एडिट कर वसूले 42 हजार

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ । आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाले एक रिटायर्ड बुजुर्ग को साइबर जालसाजों ने अपना शिकार बना बुजुर्ग का फोटो एक युवती संग एडिट कर वीडियो कॉल कर धमकाते हुए ब्लैकमेल कर विभिन्न नम्बरो पर हजारो रुपए ट्रांसफर करा लिए और बुजुर्ग से अत्यधिक पैसो की मांग कर रहे है जिसकी शिकायत बुजुर्ग ने स्थानीय आशियाना थाने पर की है आशियाना क्षेत्र के सेक्टर एल में बैंक ऑफ इण्डिया से प्रबंधक पद से सेवानिवृत्त 74 वर्षीय बुजुर्ग निरंजन कुमार गौतम अपने बेटे संग रहते है जबकि पत्नी का स्वर्गवास हो चूका है ।बुजुर्ग के मुताबिक कुछ व्यक्तियो द्वारा एक युवती के साथ उनका मनगढ़त विडियो रील तीन भागो में बनाया गया और उन्हें वीडियो कॉल कर एडिट वीडियो को उन्हें दिखा दबाव बनाने लगे और रुपए की मांग की गई जिससे वह भयग्रस्त हो गए और जालसाजों के दिए गए मोबाईल नम्बरो पर तीन बार में कुल 42 हजार पांच सौ रुपए ट्रांसफर कर दिए इसके बावजूद जालसाज विभिन्न नम्बरो से उनपर और पैसो की मांग लेकर दबाव बना रहे हैं जिससे आजिज होकर बुजुर्ग ने विभिन्न नम्बरो के आधार पर आशियाना थाने पर शिकायत की है इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के मुताबिक बुजुर्ग की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई की जा रही है

# जल निगम के तीन अधिकारी आय से अधिक संपत्ति के दोषी, एक आरोपी अधिकारी हो चुका है रिटायर्ड

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। विजिलेंस की जांच में जल निगम के तीन अधिकारी आय से अधिक संपत्ति जुटाने के मामले में दोषी पाए गए हैं। इनमें एक अधिकारी का सेवाकाल पूरा हो चुका है। खुली जांच में तीनों दोषी पाए गए। शासन के निर्देश पर विजिलेंस ने तीनों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर विवेचना शुरू की है। शासन ने भ्रष्टाचार की शिकायतों पर 12 जून, 2020 को तीनों के विरुद्ध विजिलेंस की खुली जांच का आदेश दिया था। जल निगम की निर्माण इकाई सीएंडडीएस के तत्कालीन परियोजना प्रबंधक कमलेश कुमार केसरी आय से अधिक संपत्ति के दोषी पाए गए हैं। लखनऊ के इंदिरानगर निवासी कमलेश कुमार की जांच के लिए निर्धारित अवधि के दौरान आय व खर्च की पड़ताल की गई। सामने आया कि निर्धारित अवधि में 58.60 लाख रुपये की कुल आय के मुकाबले कमलेश कुमार ने भरण-पोषण व संपत्तियां जुटाने में 1.78 करोड़ रुपये से अधिक रकम खर्च की। कुल आय से 1.19 करोड़ रुपये अधिक खर्च किए जाने को लेकर वह जांच एजेंसी को संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके।

## कृष्ण कुमार पटेल भी आय से अधिक संपत्ति के दोषी

इसके अलावा तत्कालीन सहायक अभियंता (परियोजना प्रबंधक) सीएंडडीएस कृष्ण कुमार पटेल भी आय से अधिक संपत्ति के दोषी पाए गए। लखनऊ के विकासनगर निवासी कृष्ण कुमार के विरुद्ध हुई विजिलेंस की खुली जांच में निर्धारित अवधि में उनकी कुल आय 29.56 लाख रुपये की तुलना में भरण-पोषण व संपत्तियों में 39.56 लाख रुपये खर्च किए गए। उन्होंने आय से लगभग 10 लाख रुपये अधिक खर्च किए और उसका कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके।

## जांच के बाद नहीं दे पाए संतोषजनक जवाब

जल निगम के मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ के तत्कालीन अधीक्षण अभियंता अजेय रस्तोगी (अब सेवानिवृत्त) के विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज हुआ है।

## संक्षेप

### मार्ग पर भैस बांधने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। नगर के मोहल्ला पश्चिम टोला निवासी रिंकू सोनकर, मौजीलाल, राहुल, मुकेश सोनकर, सुशीला देवी सहित एक दर्जन लोगो ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुऐ बताया कि मोहल्ले के ही सुनील सोनकर पुत्र होरीलाल सार्वजनिक इण्टरलाँकिंग पर भैस बाँधते है तथा पारूल पुत्र सजीवन इण्टरलाकिंग रोड के किनारे खाली जमीन पर प्राईवेट बस खडा करते है जिससे लोगो का आवागमन बाधित हो रहा है इसके पूर्व उपजिलाधिकारी द्वारा अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था परन्तु अभी तक आदेश का पालन न हो सका जब जानवर बाँधने से मना करने पर गाली गलोज कर मारपीट पर उतारू हो जाते है उपजिलाधिकारी ने मामले की जाँच के लिऐ नगर पंचायत को आदेशित किया

### पंखे में उतरे करंट की चपेट से किसान की मौत, मचा कोहराम

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र भानपुर गांव में पंखे में उतरे करंट की चपेट मे किसान की मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर परीजनों में हड़कंप मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र भानपुर निवासी अमर सिंह 35 वर्ष बुधवार रात आठ बजे खाना खाने के बाद चारपाई पर लेट गया पास में रखे पंखे को हाथ से सही करते समय पंखा ऊपर गिर जाने से करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई ।पड़ोसियों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मृतक के चार बिटिया है। बड़ी बेटी श्रद्धा, सेजल, शुभी, व सोनी सहित माता सोनेश्वरी व पत्नी मोनी का रो रो कर बुरा हाल है ।एसएसआई दिलीप प्रजापति ने बताया की घटना की जानकारी होने पर शव को पीएम के लिए भेजा है।

### दिव्यांग ने नही दिया सुविधा शुल्क लेखपाल ने आवास निर्माण पर लगाई रोक

बांगरमऊ, उन्नाव।सुविधा शुल्क देने से इंकार करने पर हल्का लेखपाल ने एक दिव्यांग के सरकारी आवास निर्माण कार्य पर रोक लगा दी।महिला ग्राम प्रधान ने उपजिलाधिकारी से लेखपाल के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठाई है।बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोशा कुतुब की महिला प्रधान राम बेटी द्वारा एसडीएम नम्रता सिंह को सौंपे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि उनके गांव का निवासी मनोज दिव्यांग है और दिव्यांगता के चलते सरकार द्वारा उसे प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत आवास दिया गया है। ग्राम प्रधान का आरोप है कि दिव्यांग अपने आवास का निर्माण करा रहा था। तभी हल्का लेखपाल ने दिव्यांग आवास की जमीन चरागाह की बताकर उससे सुविधा शुल्क की मांग की।मनोज के पैसा देने से इंकार करने पर लेखपाल ने आवास निर्माण पर रोक लगा दी।ग्राम प्रधान ने एसडीएम से जमीन का चिन्हीकरण कराने और लेखपाल के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की मांग की है ।

# पोल्ट्री फार्म पर चला बुलडोजर, ग्रामीणों में खुशी की लहर



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सोहरामऊ थाना अंतर्गत बना अमन पोल्ट्री फॉर्म लोगों के लिए समस्या बना हुआ था। मक्खियों व दुर्गंध से परेशान लोग का जीवन बेहाल था।मालिक की अच्छी पकड़ के चलते वर्षों से कार्रवाई से बचाया जा रहा था। चुनाव के समय बहिष्कार को लेकर इस गांव में बैनर लगाए गए।वोटिंग के दिन दो बजे तक वोट का बहिष्कार रहा था।जिसके बाद मंडल कमिश्नर समेत आलाधिकारियों ने पहुंच ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन दिया था। अब प्रशासन ने पोलेट्री फॉर्म हॉउस को बुलडोजर से गिरा दिया है। करीब 45 लाख कीमत की जमीन को मुक्त कराया है। ग्रामीणों में अब खुशी का ठिकाना नहीं है।उन्नाव में बीते 13 मई को चौथे चरण में लोकसभा का चुनाव था। इलेक्शन के दिन रुद्रवारा गांव के ग्रामीणों ने मक्खियों से परेशान होकर चुनाव बहिष्कार किया था। उस वक़्त एसडीएम हिमांशु गुप्ता व क्षेत्राधिकारी संतोष सिंह की मनव्वल के बाद गांव के लोग वोट करने को तैयार हुए थे। एसडीएम हसनगंज द्वारा लेखपाल इंद्रसेन की तहरीर पर मुकदमा लिखवाया गया लाइट करवाई गई।पुनः लाइट जोड़ने पर बिजली विभाग से एक और मुकदमा लिखवाया गया।पोल्ट्री फॉर्म के द्वारा ग्राम समाज कब्जा की गई जमीन पर चला बुलडोजर रुद्वारा गांव में बना पोल्ट्री फार्म निर्माण के बाद से ही विवादों से घिरा रहता है। कुछ दिन पहले ग्राम प्रधान विजयपाल लोधी ने तहसील में प्रार्थना पत्र देकर गांव के 532 ख चकरोड पर पोल्ट्री पर के कब्जे की शिकायत की थी।164 की कार्रवाई के बाद लेखपालों के द्वारा जमीन की नाप कर 12 बिस्वा सरकारी जमीन पोल्ट्री फार्म के द्वारा कब्जा करने की बात कही गई थी। जिसका संज्ञान लेते हुए एसडीम हसनगंज हिमांशु गुप्ता ने नायब तहसीलदार तथा लेखपालों की 8 सदस्यी टीम लेकर पोल्ट्री फार्म के अवैध निर्माण को गिरा दिया है। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि इस फॉर्म की वजह से खाना मच्छरदानी के अंदर खाना पड़ता था।बुलडोजर चलने के बाद ग्रामीणों में खुशी की लहर है। इस मौके पर एसडीम हसनगंज हिमांशु गुप्ता, नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी, लेखपाल अरविंद गुप्ता, सुशील शुक्ला, इंद्रसेन यादव सहित पूरी टीम मौजूद रही।

## सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में पुलिसकर्मी ने एसपी को अभद्र भाषा का किया प्रयोग



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सोशल मीडिया पर दो वीडियो वायरल हुए हैं,जबकि वायरल वीडियो की पुष्टि अमन लेखनी समाचार पत्र नही करता है जिसमें एक 30 सेकेंड का और एक 23 सेकेंड का है। वीडियो में दिख रहा है कि दीवान बांगरमऊ कोतवाली में तैनात है और हल्का नंबर तीन में वर्तमान समय में नियुक्ति बताई जा रही है, जिसका नाम अवधेश कुमार यादव है ।इलेक्शन से पहले उसने जिले के एसपी को अभद्र भाषा का प्रयोग किया और कहा कि एसपी विधायक तक कि नहीं सुनता है। कई लोगों ने ट्रांसफर पोस्टिंग के लिए कहा, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। यहां तक पुलिसकर्मी उनके सामने पेश होते हैं, तो कह देते हैं कि हां ट्रांसफर हो जाएगा। लेकिन 4 महीना बीत गया किसी का ट्रांसफर नहीं हुआ है ।इतना ही नहीं इंस्पेक्टर सीओ जो रिपोर्ट सबमिट करते हैं, उस पर भी कोई सुनवाई नहीं होती है। चुनाव बाद जब चले जाएंगे, उसके बाद ही पोस्टिंग होना संभव है, इस तरह के वायरल वीडियो में और भी तमाम गंभीर आरोप लगाए हैं ।फिलहाल वीडियो वायरल होने के बाद जिले के कप्तान स्तर के अधिकारी को गालियां देकर बदनाम करने की साजिश पर पुलिस महकमें के लोगों में नाराजगी भी है। उधर वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद मामले की जांच शुरू हो गई है। एसपी ने सीओ बांगरमऊ अरविंद चौरसिया को जांच दी है।जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई तय मानी जा रही है।

## पति ने पत्नी की गला दबा कर की हत्या, खुद पहुंचा कोतवाली

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी।हत्या की सूचना के बाद पति मौके से फरार हो गया। पति बुधवार की देर शाम कोतवाली पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खोल कर महिला के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।सदर कोतवाली के किला चौकी क्षेत्र के तकी नगर मोहल्ले में एक किराए के मकान में रहने वाली मुस्कान (35) का विवाह रायबरेली के अहमद अली (32) पुत्र अब्दुल सत्तार के साथ एक वर्ष पहले हुआ था। आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के चलते मुस्कान शहर के एक फैक्ट्री में काम करती थी। पिछले पांच माह से उसने फैक्ट्री जाना छोड़ दिया और पति के साथ रह रही थी। मंगलवार दोपहर पति अहमद अली से मामूली बात को लेकर कहासुनी हो गई।इस दौरान आक्रोश में आकर अहमद ने मुस्कान की गला दबाकर हत्या कर दी।बुधवार को जब वह कमरे पर पहुंचा और बदबू आने लगी तो आसपास के लोगों को शक हुआ। डर के चलते वह सीधे कोतवाली पहुंचा।कोतवाली पुलिस को उसने सूचना दी कहा कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस ने घर जाकर पत्नी के शव को बरामद किया।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी पति को हिरासत में लिया गया है। मोहल्ले के लोगों से जानकारी इकट्ठा की जा रही है।

# ससुराल जाने को निकले युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के मोहान रजबहा में गुरुवार सुबह संदिग्ध हालत में अज्ञात युवक का शव पड़ा देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।मृतक के जेब मे पड़े मोबाइल को स्विच ऑन किया गया तो भतीजे का फोन आने पर मृतक की पाहिचान हो सकी।काकोरी थाना क्षेत्र पालेंदा गांव निवासी वेद प्रकाश 32 वर्ष पुत्र गरीबे का शव हसनगंज कोतवाली क्षेत्र स्थित शारदा नहर खंड 2 से निकलने वाले मोहान रजबहा में शंकरपुर गांव के पास गुरुवार सुबह चार दिन पुराना शव पड़ा देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। पुराना शव होने से दुर्गंध आ रही थी। मृतक युवक की पैंट में कीपैड मोबाइल का स्विच ऑन करते ही मृतक के भतीजे सिद्धार्थ का फोन आने पर मृतक की पहचान हो सकी जिस पर मृतक के भतीजे सिद्धार्थ ने बताया की मृतक अपनी पत्नी लक्ष्मी को लिवाने के लिए बंथरा थाना के हरौनी चौकी क्षेत्र हाजीपुर गांव गया था लेकिन ससुराल भी नहीं पहुंचा था मोबाइल स्विच ऑफ होने की वजह से आसपास गांव में काफी खोजबीन की गई लेकिन कुछ पता नही चला मृतक के एक लड़की एक लड़का है मृतक घर का इकलौता बेटा था मां बाप की पहले ही मौत हो चुकी है। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि मृतक की पाहिचान हो चुकी है परिजनो को सूचना दे दी गई है।

## अधिकारियो के नहीं पहुंचने पर ग्राम पंचायत की बैठक टली

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर , उन्नाव। ग्राम पंचायत की मीटिंग में अधिकारियों के न पहुंचने के कारण मीटिंग स्थगित हो गई वही ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हुआ तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र के ब्लॉक सुमेरपुर के अंतर्गत ग्राम सभा कल्याणपुर प्रथम में विकास कार्यों में हुए भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर खंड विकास अधिकारी के द्वारा ग्राम पंचायत में खुली मीटिंग कराए जाने हेतु बृहस्पतिवार का दिन बारातशाला भवन में निर्धारित किया ग्राम पंचायत में मीटिंग कराए जाने के लिए दुग्गी पिटवाई गई ग्राम पंचायत के सभी बड़े बुजुर्ग महिलाएं व पुरुष नौजवान अपनी-अपनी समस्या को कहने के लिए बेसब्री से निर्धारित समय के पहले ही बारातशाला भवन पहुंच गए मीटिंग में पहुंचे कर्मचारीयों ने एक-एक करके सभी लोगों की बात सुनने लगे जिसमें मुख्य रूप से मनरेगा मजदूरों का पैसे भुगतान नहीं किया गया ग्राम पंचायत में लगीं लाइट खराब होने उनकी गुणवत्ता ठीक ना होने खड़ंजा नाली इंडिया मार्का नल आदि की समस्या बताने लगें समय अधिक बीतने लगा अधिकारी मीटिंग में न पहुंचने पर ग्रामीणों ने अपनी आवाज तेज करते हुए कहा कि अधिकारी के पास ग्राम पंचायत में खुली मीटिंग में आने का समय नहीं है कर्मचारियों ने जब खंड विकास अधिकारी के न पहुंचने की बात कही तब ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया और कहा कि जब तक कोई सक्षम अधिकारी नहीं आएगा तब तक के लिए मीटिंग स्थगित की जाएग्राम पंचायत में हुए भ्रष्टाचार को लेकर ब्लॉक से लेकर तहसील तक मुद्दा छाए रहते हैं

# मौत का प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पीड़ित ने सीडीओ से लगाई गुहार

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। ब्लॉक मुख्यालय सुमेरपुर अन्तर्गत माता-पिता के मौत उपरांत प्रमाण पत्र न बनाये जाने की खबर प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदारों द्वारा फोन कर प्रमाण पत्र घर पहुँचाने की सांत्वना देकर मामला कुछ दिनों के लिए फिर टाल दिया गया। पीड़ित ने सीडीओ को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगायी है।

ब्लॉक सुमेरपुर की ग्राम पंचायत छाछी राइखेड़ा का सौभाग्य है कि ब्लॉक मुख्यालय इसी ग्राम पंचायत में है। इस ग्राम सभा के निवासियो का दुर्भाग्य है कि वे सरकारी सुविधाओं से पीड़ित है । अमनलेखनी कल के अंक में प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा पीड़ित को स्वमं फोन कर बताया गया अभी प्रमाण पत्र कंप्यूटर में लोड नही हो रहा ।लोड होते ही घर पहुँचा दिया जाएगा।

जिम्मेदार इतने लापरवाह कैसे हो सकते है । सोचने वाली बात यह है ग्राम पंचायत अधिकारी को क्लस्टर एलॉट किया गया है जिसमे कई गाँव शामिल है।क्या सभी गाँवो के पीड़ितों का यही हाल है।लेकिन यह बात तय है ग्राम छाछी राइखेड़ा का केवल एक यही परिवार पीड़ित नही है और भी परिवार है जो महीनों से चक्कर लगा रहे है लेकिन अभी मौत के मुंह मे नही गए।

गौरतलब है पीड़ित रामसेवक ने बताया था कि उसकी माँ मिठाना देवी की मौत 24 मार्च को हो गयी थी। मिठाना देवी के नाम से सुमेरपुर ग्रामीण बैंक में खाता था जिसका पैसा निकलवाने हेतु कई प्रमाण पत्र बैंक द्वारा मांगे गए थे। पिता धुन्नू लोध महीनों म्रतक प्रमाण पत्र बनवाने हेतु ब्लॉक व तहसील के चक्कर लगाते लगाते गर्मी व लू का शिकार होकर 19 जून को स्वर्ग सिधार गए। पुत्र रामसेवक ने बताया मैं मुम्बई में रहकर जीवन-यापन हेतु ऑटो चलाता हूँ। माता -पिता की मौत के बाद होने वाले संस्कारो हेतु काम पर बैठा हूँ।आगामी शनिवार को तेरहवीं संस्कार है।इस दौरान मैं भी लगातार ब्लॉक के चक्कर लगा रहा हूँ।गुरुवार को ग्राम पंचायत अधिकारी का फोन मेरे पास आया था उनके द्वारा यह कह प्रमाण पत्र डाउनलोड होते ही आपके घर पहुँचा दिया जाएगा कहकर मामले को फिर टाल दिया गया।

पीड़ित ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है।

## विश्वकर्मा बने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लाक अध्यक्ष शिक्षकों ने जताया हर्ष

अमन लेखनी समाचार

मियाँगंज, उन्नाव। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक कार्यकारणी की औपचारिक बैठक मियाँगंज में हुई जिसमें कर्मठ जुझारू और टेक्नोलॉजी के जानकार शिक्षक जीतेंद्र कुमार विश्वकर्मा को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक मियाँगंज इकाई का अध्यक्ष बनाए जानें पर मिठाई खिलाकर एवम माल्यार्पण कर हर्ष व्यक्त किया गया ।

जिला कार्यकारणी के सह मीडिया प्रभारी रामेंद्र द्विवेदी के साथ ब्लॉक टीम मौजूद रही सभी ने शिक्षक हित में एक जुट रहकर कार्य करने का संकल्प लिया । टीम को अधिक से अधिक लोगों तक अपने विचार और संघ का उद्देश्य पहुंचा कर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की सदस्यता दिलाने की जिम्मेदारी दी गई ।

इस अवसर पर ब्लॉक मियाँगंज के शिक्षक सर्वेश कुमार वर्मा,रामेंद्र द्विवेदी,अंकित भार्गव,श्री राम (मुन्ना),मुन्नी लाल मौर्य,ओम प्रकाश, बृजपाल, खुशीराम,कामेश पांडे ,रमला वर्मा,वीरेंद्र सिंह, सुभाष वर्मा आदि शिक्षक मौजूद रहे ।

## भैस चोरों ने लोडर पर लाद कर भैस लेकर हुए फरार

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत गाँव से गरीब की लाखों रुपये कीमत की भैंस चोर लाद ले गए। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना बिहार में दी है।

थाना क्षेत्र में भैस चोरी होना आम बात है।दिन भर का थका किसान जब रात में गहरी नींद में सोता है शुबह उठकर अपनी भैस न पाकर जीवन-यापन कैसे करे सोच कर सदमे में चला जाता है।लगातार भैस चोरी पुलिस को खुली चुनौती है । रात भर पुलिस बैंक,चौराहों ,सार्वजनिक स्थानों पर पहरा करती रहती है फिर भी लगातार भैस चोरी होने की घटनाएं सामने आती रहती है। ऐसा ही मामला बीती रात का है ।थाना क्षेत्र के रामपुर खरही निवासी अंकित पुत्र बलिकरन लोध ने थाना बिहार को तहरीर देते हुए बताया कि बीती रात करीब साढ़े बारह बजे घर के सामने नीम के पेड़ के नीचे बंधी दो भैसों में से एक भैंस को अज्ञात चोरों द्वारा कुछ दूर खड़े लोडर में लाद लिया गया इसके उपरांत जब दूसरी भैस को खोलने हेतु चोर आये तभी भैस से कुछ दूरी पर लेटे हुए मेरे पिता बलिकरन की नींद खुल गयी। मेरे पिता ने शोर मचाना शुरू कर दिया जिससे चोर लोडर व एक भैंस लेकर भग गए। लोडर का मोटरसाइकिल से कुछ दूर तक पीछा भी किया गया लेकिन कुछ पता नही चल सका।

थाना बिहार प्रभारी शिव प्रकाश पांडेय का आवश्यक कार्य होने की वजह से बाहर होने के कारण क्राइम इंस्पेक्टर भारतीय ने प्रार्थना पत्र को लिया और कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया।

# किराया मांगना परिचालक को पड़ा महंगा, दबंगो ने चालक समेत उसके साथ की मारपीट



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। बस सवार युवकों से किराया लेना कंडेक्टर को भारी पड़ गया जिसमे दूसरे दिन पहले से घात लगाए बैठे युवकों ने गाड़ी रुकवाकर कंडेक्टर को खींच कर मारने पीटने लगे .बचाव के लिए दौड़ी सवारियों पर भी ईंटे फेकने लगे जिसमे एक महिला घायल हो गई तथा गाड़ी के कई साइड के सीसे टूट गए. सूचना पर पुलिस को आता देख झगड़ा करने वाले युवक भाग खड़े हुए.पुलिस ने घायल कंडेक्टर की तहरीर पर उसका मेडिकल परीक्षण करा मामले की जांच शुरू की.

थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के ग्राम रामदीन खेड़ा मजरा नवाबाद ग्रांट निवासी मुकेश कुमार पुत्र बृजराज ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार की सुबह लगभग 10.30 बजे बस लेकर उन्नाव जा रहा था तभी सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के जटपुरवा गांव की मोड़ के पास उसी गांव के निवासी सत्यम पुत्र बाबूलाल,अजय पुत्र रामप्रसाद ,अंशू पुत्र चौधरी,रामबाबू व शुभम पुत्रगण रामकुमार ,अजय पुत्र रमेश आदि एक राय होकर खड़े थे बस के पहुंचने पर उसे रुका लिया और पीड़ित को खींचकर लाठी डंडों से मारने पीटने लगे . परिचालक को बचाने के लिए निकली सवारियों के ऊपर ईंटे फेकने लगे जिसमे एक महिला सवारी के सिर में चोट लग गई और गाड़ी के साइड के सीसे भी टूट गए. मारपीट के दौरान पीड़ित के हाथ की हड्डी क्रेक हो गई है तथा पुलिस से शिकायत करने पर बस में आग लगा देने की धमकी देने का आरोप पीड़ित ने लगाया है. पुलिस ने घायल कंडेक्टर का मेडिकल परीक्षण कराया गया जब की बाद में दोनो पक्षों ने आपस में सम्नझौता कर लिया है

## अनियंत्रित रोडवेज बस ने साईकिल सवार को मारी टक्कर, बाबा की मौत, नाती घायल




अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के लखनऊ कानपुर नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने साइकिल सवार बाबा और पौत्र को टक्कर मार दी।टक्कर लगने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।यहां बाबा की उपचार के दौरान मौत हो गयी।पुलिस ने रोडवेज बस को कब्जे में लिया है और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है ।सोहरामऊ थाना क्षेत्र के बजेहरा गांव निवासी भगवानदीन लोधी (60) पुत्र स्व. भरोसे लोधी अपने नाती अमन को उन्नाव से लखनऊ जाने वाली रोड से वापस अपने गांव बजेहरा लेकर जा रहे थे।हाईवे पर अनियंत्रित रोडवेज बस ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी।इसमें भगवानदीन और उनके नाती अमन गंभीर रूप से घायल हो गए।लोगों ने आनन-फानन में सोहरामऊ पुलिस को सूचना दी ।पुलिस ने घायलों को नवाबगंज सीएचसी भेजा, जहां मौजूद डॉक्टरों ने भगवानदीन को मृत घोषित कर दिया। भगवानदीन के पुत्र नेत्रपाल लोध ने बताया कि अमन का इलाज लखनऊ में चल रहा है।हालत में कुछ सुधार है।सोहरामऊ प्रभारी कमल दुबे ने बताया कि बस को कब्जे में ले लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## मृतक सिपाही की मां ने आत्महत्या के उकसाने का दर्ज कराया मुकदमा




अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली में तैनात सिपाही ने दरोगा की पिस्टल से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन गांव लेकर चले गए जहा देर रात उसका खेत में अंतिम संस्कार कर दिया गया ।मृतक सिपाही के मोबाइल फोन के लॉक को एक्सपर्ट से खुलवाने का इंतजार किया जा रहा है ।मृतक की मां की तहरीर पर बुधवार को देर रात आत्म हत्या के लिए उकसाने व जान से मारने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। कोतवाली क्षेत्र बुलंदशहर के थाना गुलावठी के नयाखास कस्बा निवासी देवांश तेवतिया 32 वर्ष ने मंगलवार को दरोगा की सरकारी पिस्टल से आत्मा हत्या कर ली थी ।इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गई थी ।बुधवार को पीएम के बाद शव परिजन गांव लेकर चले गए थे। जहा उसका देर रात खेत में अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक सिपाही की मां सुनीता की तहरीर के आधार पर अज्ञात युवती पर आत्महत्या को उकसाने व जान से मार देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई। उधर आत्महत्या का राज खोलने के लिए मोबाइल फोन में लगे लॉक को एक्सपर्ट से खुलवाने के लिए 3 दिन बाद भी प्रकिया आगे नही बढ पाई है। मृतक के बड़े भाई विक्की विक्रांत ने बताया कि प्रशासन जानबूझकर आगे की कार्रवाई नहीं कर रहा है। नहीं तो एक घंटे में एक्सपर्ट को बुलवाकर मोबाइल फोन का लॉक खुलवा सकता है। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि मोबाइल फोन का लॉक खुलने के बाद ही मौत का राज खुल पाएगा अभी कुछ कहना गलत होगा।

## सम्पादकीय

# भीषण गर्मी व प्रचंड लू से बढ़ रही मौतें चिंताजनक

चुनावी गर्मी के साथ मौसम की गर्मी भी बढ़ती जा रही है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी इस बार प्रचंड गर्मी पड़ने की है। अप्रैल में ही इसकी वानगी हम देख चुके हैं, बीते कुछेक वर्षों की तुलना में इस बार अप्रैल माह अधिक गर्म बीता है। वर्ष दर वर्ष दुनिया भर में तापमान में वृद्धि हो रही है। अत्यधिक गर्मी से भारत बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, गर्मी जनित रोग बढ़ रहे हैं, लोगों की मौतें गर्मी से हो रही हैं। भीषण गर्मी व प्रचंड लू से दिन ब दिन बढ़ रही मौतें चिंताजनक हैं। ताजा अध्ययन के मुताबिक, दुनिया भर में प्रति वर्ष 1.53 लाख से अधिक मौतें भीषण गर्मी या लू के कारण होती हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 20 फीसदी मौतें भारत में होती हैं। पिछले 30 वर्षों से अधिक के आंकड़ों के आधार पर यह अध्ययन किया गया है। भारत के बाद चीन और रूस का स्थान है, जिनमें से प्रत्येक में क्रमशः लगभग 14 फीसदी और 8 फीसदी मौतें भीषण गर्मी से जुड़ी होती हैं। मोनाश विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में पाया गया कि लू से जुड़ी मौतें गर्मी से संबंधित सभी मौतों का लगभग एक तिहाई और वैश्विक स्तर पर कुल मौतों का एक प्रतिशत है। हर वर्ष गर्मियों में होने वाली कुल डेढ़ लाख से अधिक अतिरिक्त मौतों में से लगभग आधी एशिया में और 30 प्रतिशत से अधिक यूरोप में होती हैं। सबसे बड़ी अनुमानित मृत्यु दर (जनसंख्या के अनुपात में मृत्यु) शुष्क जलवायु और निम्न-मध्यम आय वाले क्षेत्रों में देखी गई। यह अध्ययन 'पीएलओएस मेडिसिन' में प्रकाशित हुआ है। अध्ययन में 2019 तक के दशक की तुलना 1999 तक के दशक से करने पर, दुनिया भर में हर साल भीषण गर्मी की अवधि औसतन 13.4 से 13.7 दिनों तक बढ़ी हुई पाई गई, जिसमें हर दशक में वातावरण का औसत तापमान 0.35 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया। जीवाश्म ईंधन आधारित उद्योग, चिमनियां, वाहनों से निकलने वाले धुएं, अत्यधिक आबादी के चलते कार्बन डायऑक्साइड उत्सर्जन, जंगलों में आग, ज्वालामुखी विस्फोट आदि अनेक कारण हैं, जिनसे धरती का तापमान बढ़ता जा रहा है। सूर्य से निकलने वाली पराबैगनी किरणों के चलते बने ब्लैक होल से भी धरती पर उत्यधिक उष्मा पहुंच रही है। गर्मी के मौसम में तापमान इतना अधिक बढ़ जा रहा है कि वह लोगों के लिए असह्य हो रहा है। निश्चित रूप से पर्यावरण संरक्षण चुनाव का प्रमुख मुद्दा नहीं बन पाता है, शायद इसलिए सरकार इस दिशा में प्राथमिकता के आधार पर एजेंडा तैयार नहीं करती है। 'वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन' (डब्ल्यूडब्ल्यूए) समूह नामक वैज्ञानिकों की टीम ने इस बार अप्रैल में लगातार 17 दिनों तक अत्यधिक गर्मी को खतरे के संकेत के तौर पर लिया है। इस टीम के मुताबिक, इसी तरह की भीषण गर्मी का सामना प्रत्येक 30 साल में एक बार करना पड़ सकता है और जलवायु परिवर्तन के कारण पहले से ही इसकी संभावना लगभग 45 गुना अधिक हो गई है। जलवायु परिवर्तन के कारण प्रचंड लू पूरे एशिया में गरीबी में रहने वाले लोगों के जीवन को और अधिक मुश्किल बना रही है। भीषण गर्मी व प्रचंड लू के चलते स्वास्थ्य जोखिम बढ़ जाता है। आज जरूरत जलवायु परिर्तन के असर को कमतर करने के लिए हरित पर्यावरण, प्राकृतिक रहन-सहन व खान-पान, भीषण गर्मी की चेतावनी प्रणाली, हरित विकास व स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक पहुंच आदि के क्षेत्र में समग्रता से काम करने की जरूरत है।



विश्लेषण

प्रमोद भार्गव

# पाक के खिलाफ खौल रहा पीओके

पीओके में लगातार विद्रोह की आग सुलग रही है, यहां तक कि हालात बेकाबू हो गए हैं और पाकिस्तानी सेना ने हस्तक्षेप से इन्कार कर दिया है। समूचे पाक अधिकृत कश्मीर में धारा-144 लागू होने के साथ मोबाइल-इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। महंगाई, बिजली और आटे पर सब्सिडी की छूट के चलते यह आंदोलन इतना आगे बढ़ गया है कि एक पुलिस अधिकारी की गुस्साए लोगों ने हत्या कर दी। पीओके में कुल 10 जिले हैं। यह आंदोलन भींबर से शुरू हुआ और सभी जिलों में फैल गया। आंदोलन का संचालन करने के लिए एक नया संगठन 'ज्वांइट अवामी एक्शन कमेठी' बनाया है, जिसमें सभी जिलों के लोग भागीदार है। अब पीओके के लोग पाकिस्तान के साथ नहीं रहना चाहते हैं।

पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लगातार विद्रोह की आग सुलग रही है, यहां तक कि हालात बेकाबू हो गए हैं और पाकिस्तानी सेना ने हस्तक्षेप से इन्कार कर दिया है। समूचे पाक अधिकृत कश्मीर में धारा-144 लागू होने के साथ मोबाइल-इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। महंगाई, बिजली और आटे पर सब्सिडी की छूट के चलते यह आंदोलन इतना आगे बढ़ गया है कि एक पुलिस अधिकारी की गुस्साए लोगों ने हत्या कर दी। पीओके में कुल 10 जिले हैं। यह आंदोलन भींबर से शुरू हुआ और सभी जिलों में फैल गया। आंदोलन का संचालन करने के लिए एक नया संगठन 'ज्वांइट अवामी एक्शन कमेठी' बनाया है, जिसमें सभी जिलों के लोग भागीदार है। शांतिपूर्ण चल रहे आंदोलनकारियों की मांग है कि पाकिस्तान सरकार की भ्रष्ट शासन-प्रणाली से वे तंग आ चुके हैं, अतएव पाक के साथ रहना नहीं चाहते हैं। हमें इससे आजादी चाहिए। घबराई शहबाज शरीफ सरकार ने हुए नुकसान को नियंत्रित करने की दृष्टि से 23 अरब का बजट प्रावधान पीओके के लिए किया है, लेकिन प्रदर्शनकारियों की मांग है कि जो मांगें उन्होंने रखी हैं, वे सभी मान्य की जाएं। अन्यथा वे प्रदर्शन करते रहेंगे। इसी समय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि एक दिन हम पीओके पर अवैध कब्जे को समाप्त करेंगे और पीओके वापस भारत के साथ जुड़ जाएगा।

पीओके के लोगों के साथ वाकई अन्याय हो रहा है। यहां के लोगों को उत्पादन लागत पर बिजली नहीं मिल रही है। जो बिजली पीओके में बनाई जाती है, उसे सरकार पीओके से दो रुपये प्रति यूनिट लेती है और फिर यहीं के लोगों को महंगी दरों पर बेचती है। पीओके में रहने वाले लोगों को सब्सिडी पर आटा देना रोक दिया है, जबकि आटा पेट की भूख मिटाने की बुनियादी जरूरत है। आटा समेत अन्य 30 वस्तुओं पर सब्सिडी मिलनी चाहिए। लोगों ने यह भी मांग की है कि पीओके की अफसरशाही और 53 मंत्रियों को मिलने वाली विलासी सुविधाएं बंद की जाएं। इन्हें सरकार की ओर से महंगी व लग्जरी गाड़ियां और घर के साथ टीए-डीए मिल रहे हैं। इन्हें बंद किया जाए। यही नहीं इनके जो सहायक है, उन्हें भी ऐसे ही सुविधाएं दी जा रही हैं, जो कतई उचित नहीं है। इन्हें बंद किया जाए। हालांकि पीओके में पाक से अलगाव का संकट इतना बढ़ गया है कि अब समझौते कि दूर-दूर तक कोई उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है।

शायद इस स्थिति का पूर्वाभास करने के बाद ही जयशंकर ने जल्द पीओके का भारत में विलय होने का दावा किया है। यही नहीं उन्होंने कहा है कि निश्चित तौर पर इसका विलय होगा। क्योंकि वहां के लोग रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी तरसने को मजबूर हो रहे हैं। तिस पर भी राहत देने की बजाय पाकिस्तानी सेना अत्याचार पर आमादा है। लोग पाक सेना से आजादी और भारत में शामिल होने के लिए नारे लगा रहे हैं। गुलाम जम्मू-कश्मीर में चल रहे विरोध प्रदर्शनों पर यह पहली उच्च स्तरीय प्रतिक्रिया हैं। इस परिप्रेक्ष्य में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी कह चुके हैं कि सब्र का फल मीठा होता है। अतएव अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत सरकार



की पीओके के संदर्भ में कोई न कोई ऐसी रणनीति अवश्य चल रही है, जो विलय की दिशा में बढ़ रही है।

दूसरी तरफ जिस आतंकवाद का जनक पाकिस्तान रहा है, वही आतंकवाद अब उसके लिए पीओके में चुनौती बनकर सामने आ रहा है। पाक में आतंकी हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। कुछ माह पहले ही बलूचिस्तान प्रांत के तुरबाद नगर में नौसैनिक अड्डे पर आतंकवादियों ने गोली बरसाते हुए हमला किया था। इसके बाद खैबर पख्तूनख्वा इलाके में चीनी नागरिकों के एक काफिले पर हमला बोल दिया था। इसमें पांच चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई थी। ये इंजीनियर दासू हाइड्रोप्रोजेक्ट के निर्माण में लगे थे। इन हमलों की जुम्मे वाली बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) की मजीद ब्रिगेड ने ली हुई है। इस्लामाबाद से 200 किमी दूर स्थित दासू हाइड्रो प्रोजेक्ट का निर्माण चीनी कंपनी कर रही है। 2021 में भी इस परियोजना पर काम कर रहे नौ चीनी इंजीनियरों सहित 13 लोगों को बलूच हमलावरों ने मार गिराया था। पाकिस्तान में अकेले फरवरी माह में हुए 97 हमलों में 118 लोग मारे जा चुके हैं। 20 मार्च को ग्वादर बंदरगाह पर भी आतंकी हमला हो चुका है। इस हमले की जिम्मेदारी भी बलूचों ने ली है। इन हमलों के चलते पाक में नई बनी शाहबाज सरकार मुसीबतों से घिर गई है। दरअसल बलूचिस्तान प्रांत के नागरिक मानते हैं कि पाक सरकार उनके प्रांत के हितों की लंबे समय से अनदेखी कर रही है। यहां के लोग इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते हस्तक्षेप का भी विरोध कर रहे हैं। दासू हाइड्रोप्रेजेक्ट और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के निर्माण के अंतर्गत कई परियोजनाएं पीओके में निर्माणाधीन हैं। इन परियोजनाओं का विरोध लगातार हो रहा है, लेकिन पाक सरकार धन के लालच में चीन के सुरसा मुख में फंस चुकी है। देश में चल रही आर्थिक बदहाली के कारण भी सरकार चीन का दामन नहीं छोड़ पा रही है। चीन से उसकी मित्रता का कारण धन का लालच तो है ही, भारत के साथ तनावपूर्ण रिश्ते भी हैं। पाक की तरह चीन से भी भारत का सीमा पर निरंतर तनाव बना हुआ है। अब पीओके में आतंकी शक्तियां इतनी मजबूत हो गई हैं कि पाक का अफगानिस्तान व ईरान से भी मधुर संबंध बनाए रखना मुश्किल हो रहा है।

पीओके की परिधि में आने वाले गिलगिट-बाल्टिस्तान वास्तव में भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य के हिस्सा हैं। बावजूद 4 नबंवर 1947 से पाकिस्तान के नाजायज कब्जे में हैं, लेकिन यहां के नागरिकों ने इस बलात कब्जे को कभी नहीं स्वीकारा। यहां तभी से राजनीतिक अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक आवाजें उठ रही हैं और पाक सरकार इन लोगों पर दमन और अत्याचार का सिलसिला जारी रखे हुए है। साफ है, पाक की आजादी के साथ गिलगिट-बाल्टिस्तान का मुद्दा जुड़ा हुआ है। पाक की कुल भूमि का 40 फीसदी हिस्सा यहीं है, लेकिन इसका विकास नहीं हुआ है। करीब 1 करोड़ 30 लाख की आबादी वाले इस हिस्से में सर्वाधिक बलूच हैं, इसलिए इसे गिलगिट-बलूचिस्ताल भी कहा जाता है। पाक और बलूचिस्तान के बीच संघर्ष 1945, 1958, 1962-63, 1973-77 में होता रहा है। 77 में पाक द्वारा दमन के बाद करीब 2 दशक तक यहां शांति रही, लेकिन 1999 में परवेज मुशर्रफ सत्ता में आए तो उन्होंने बलूच भूमि पर सैनिक अड्डे खोल दिए। इसे बलूचों ने अपने क्षेत्र पर कब्जे की कोशिश माना और फिर से संघर्ष तेज हो गया। इसके बाद यहां कई अलगाववादी आंदोलन वजूद में आए, इनमें प्रमुख बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी है। निर्वाचन की प्रक्रिया से गुजरने के बावजूद भी यहां की विधानसभा को अपने बूते कोई कानून बनाने का अधिकार नहीं है। सारे फैसले एक परिषद लेती है, जिसके अध्यक्ष पाकिस्तान के पदेन प्रधानमंत्री होते हैं। लिहाजा चुनाव के बावजूद भी यहां विद्रोह की आग सुलगी रहती है।

योगेश कुमार गोयल



# वर्ष दर वर्ष जानलेवा होता डेंगू

अन्य घातक बीमारियों के साथ-साथ डेंगू भी अब ऐसी गंभीर बीमारी बन चुका है, जिसके जोखिम को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। प्रतिवर्ष डेंगू के कारण बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। डेंगू उन घातक बीमारियों में से एक है, जिसका यदि समय से इलाज नहीं मिले तो यह जानलेवा हो सकता है। भारत में प्रायः जून से अक्तूबर के दौरान डेंगू के सर्वाधिक मामले सामने आते हैं। अब तो स्थिति यह है कि देशभर में डेंगू की भयावहता को लेकर हर साल हाहाकार सा मचा नजर आता है। डेंगू से बचाव को लेकर लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए ही प्रतिवर्ष स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा एक विशेष थीम के साथ 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस 'डेंगू रोकथामः सुरक्षित कल के लिए हमारी जिम्मेदारी' विषय के साथ मनाया जा रहा है। मानसून के साथ डेंगू और चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरों के पनपने का मौसम शुरू होता है, इसीलिए इस बीमारी को लेकर लोगों में व्यापक जागरूकता फैलाने के लिए सरकार द्वारा इसके लिए 16 मई का दिन निर्धारित किया गया।

डेंगू के लगातार सामने आते मामलों को देखते हुए डेंगू से बचाव को लेकर अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि अभी तक इसकी कोई वेक्सीन नहीं बनी है, इसलिए डेंगू से बचाव के उपाय ही सबसे अहम हैं। वर्ष 2018 में भारत में एक लाख से भी ज्यादा डेंगू के मामले सामने आए थे और एम्स द्वारा डेंगू के दस वर्षों के आंकड़ों का अध्ययन करने पर यह तथ्य भी सामने आया था कि केवल एम्स में ही डेंगू से मृत्युदर 7-10 फीसदी थी। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक 2023 में देश में डेंगू के मामलों की संख्या करीब ढ़ाई लाख थी। माना जाता रहा है कि अक्तूबर माह के बाद रात के तापमान में गिरावट आने पर डेंगू के मच्छर स्वतः ही खत्म हो जाते हैं लेकिन समय के साथ-साथ स्थिति खतरनाक होती जा रही है और डेंगू फैलाने वाले मच्छरों का प्रकोप अब सर्दी के मौसम में भी शांत नहीं होता। डेंगू अब साल-दर-साल इतना जानलेवा होता जा रहा है कि मौसम में बदलाव के बावजूद सर्द मौसम में डेंगू के सैंकड़ों मरीज सामने आने लगे हैं।

डेंगू से पीड़ित व्यक्ति को प्रायः तेज सिरदर्द होता है और लगातार बुखार आता है, जो 100 डिग्री के आसपास बना रहता है लेकिन डेंगू के मरीजों के मामलों में कुछ समय से यह चिंताजनक स्थिति भी देखी जाने लगी है कि बहुत से मरीज अब ऐसे भी सामने आते हैं, जिनमें बुखार तथा सिरदर्द जैसे लक्षण नदारद होते हैं और केवल शारीरिक कमजोरी तथा प्लेटलेट्स कम होने जैसे लक्षण ही देखने को मिलते हैं। सिर्फ थकान और कमजोरी की शिकायत करने वाले ऐसे मरीजों में डेंगू की पहचान करना बड़ा मुश्किल होता है। रक्त जांच के बाद रिपोर्ट के आधार पर ही उनमें डेंगू की पुष्टि की जा सकती है। डेंगू के लक्षणों में आए इस बड़े बदलाव को लेकर किए गए अध्ययनों से यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि एडीस मच्छर के वायरस और स्ट्रेन में बदलाव के कारण ही ऐसा हो रहा है। हालांकि चिकित्सक इस बदलाव को जानलेवा तो नहीं किन्तु चिंताजनक अवश्य मानते हैं।

वायरस संक्रमण के कारण डेंगू होता है, जो मादा एडीस मच्छर के काटने से होता है। केवल मादा मच्छर में ही डेंगू का वायरस होता है और यह मच्छर दिन में ही काटता है। एडीस मच्छर के काटने के करीब 3-5 दिनों बाद डेंगू के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। वायरस संक्रमण श्वेत रक्त कोशिकाओं पर धावा बोलता है, जिससे डेंगू पीड़ित व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहद कमजोर हो जाती है। प्लेटलेट्स कम होने पर शरीर के अंदरूनी हिस्सों में ब्लीडिंग का खतरा बढ़ जाता है। इलाज सही मिले तो स्थिति जल्द नियंत्रित हो सकती है अन्यथा डेंगू जानलेवा साबित हो सकता है। जब डेंगू अपनी खतरनाक अवस्था में पहुंचता है तो जानलेवा हो जाता है क्योंकि ऐसी स्थिति में रोगी की प्लेटलेट्स बेहद कम हो जाती है, उसका रक्तचाप तेजी से नीचे गिरता है और शरीर के अंदरूनी अंग कार्य करना बंद कर देते हैं, जिससे रोगी की मृत्यु हो सकती है। डेंगू के प्रमुख लक्षणों में लगातार बुखार रहने के साथ-साथ सिरदर्द, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द जैसे लक्षण देखे जाते हैं। इसके अलावा बुखार के साथ नाक बहना, खांसी, आखों के पीछे दर्द, त्वचा पर हल्के रैशेज, भूख कम होना, कमजोरी जैसे लक्षण भी देखे जाते हैं

# शिव के अंश से जन्म पर मनुष्य ज्ञानी होता है




संकलित

दर्शन

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम। मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती। बहुत ज्ञान विचार करने के बाद यदि किसी समय यह प्रेम-भक्ति कुछ कम भी हो जाए तो फिर और एक समय यह यदुवंश का ध्वंस करने वाले मूसल की तरह देखते-देखते बढ़ भी जाती है।

# राजा हैं, फिर भी घमंडी ना बनें



संकलित

प्रेरणा

एक राज्य में एक राजा रहता था जो बहुत घमंडी था। उसके घमंड के चलते आस पास के राज्य के राजाओं से भी उसके संबंध अच्छे नहीं थे। उसके घमंड की वजह से सारे राज्य के लोग उसकी बुराई करते थे। एक बार उस गाँव से एक साधु महात्मा गुजर रहे थे उन्होंने भी राजा के बारे में सुना और राजा को सबक सिखाने की सोची।साधु तेजी से राजमहल की ओर गए और बिना प्रहरियों से पूछे सीधे अंदर चले गए। राजा ने देखा तो वो गुस्से में भर गया। राजा बोलाः ये क्या उदण्डता है महात्मा जी, आप बिना किसी की आज्ञा के अंदर कैसे आ गए? साधु ने विनम्रता से उत्तर दियाः मैं आज रात इस सराय में रुकना चाहता हूँ। राजा को ये बात बहुत बुरी लगी वो बोलाः महात्मा जी ये मेरा राज महल है कोई सराय नहीं, कहीं और जाइये। साधु ने कहाः हे राजा, तुमसे पहले ये राजमहल किसका था? राजाः मेरे पिताजी का, साधुः तुम्हारे पिताजी से पहले ये किसका था? राजाः मेरे दादाजी का। साधु ने मुस्करा कर कहाः हे राजा, जिस तरह लोग सराय में कुछ देर रहने के लिए आते है वैसे ही ये तुम्हारा राज महल भी है जो कुछ समय के लिए तुम्हारे दादाजी का था, फिर कुछ समय के लिए तुम्हारे पिताजी का था, अब कुछ समय के लिए तुम्हारा है, कल किसी और का होगा। ये राजमहल जिस पर तुम्हें इतना घमंड है ये एक सराय ही है जहाँ एक व्यक्ति कुछ समय के लिए आता है और फिर चला जाता है। साधु की बातों से राजा इतना प्रभावित हुआ कि सारा राजपाट, मान सम्मान छोड़कर साधु के चरणों में गिर पड़ा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बढ़ती जनसंख्या कई समस्याओं की जड़

हमारा देश विकास और अन्य बहुत से अच्छे कामों में दुनिया भर में नंबर वन पर है और आगे भी बढ़ रहा है, लेकिन जनसंख्या के मामले में भी हमारा देश दुनिया भर में एक नंबर पर पहुंच चुका है। इस मामले में हमने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। अभी हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में बताया गया है कि हमारे देश की जनसंख्या लगभग 144 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है और भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो सकती है। अगर भारत सरकार और देश का आमजन बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए गंभीरता दिखाए तो भारत जनसंख्या वृद्धि के मामले में आगे नहीं बढ़ेगा। जनसंख्या वृद्धि को रोकना नितांत आवश्यक है क्योंकि इससे कई समस्याएं पैदा होती हैं।

*-मनीष पांडे, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### सामान काफी सस्ता हुआ



हमारे लिए सुधार 140 करोड़ भारतीयों के जीवन को बेहतर बनाने का एक साधन है। जीएसटी लागू होने के बाद घरेलू उपयोग का सामान काफी सस्ता हो गया है। इससे गरीबों और आम आदमी को काफी बचत हुई है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सरकार नहीं सुन रही



संविधान देश में जनता के अधिकारों का सुरक्षा कवच है। पिछले 10 सालों में सरकार ने इस कवच को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। आज भी युवा परीक्षाओं में पारदर्शिता को लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार नहीं सुन रही है।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता

### गलत दावा



जो कोई यह दावा करता है कि उसका राजनीतिक दल कभी भी कोई ग़लत काम नहीं करता और दूसरा दल कोई सही काम नहीं करता, वह या तो झूठा है, मूर्ख है या दोनों है। गलत किए बिना कोई राजनीतिक दल चल नहीं सकता।

-एलन मास्क, उद्योगपति

### कोला और जंक फूड



मेरा मुद्दा यह है कि कोला और जंक फूड का विज्ञापन करने वाली अधिकांश हस्तियां अपने बच्चों को वही उत्पाद नहीं खाने देंगी जो दूसरों के बच्चों को खाने के लिए प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए।

-शेखर कपूर, फिल्म निर्माता

## करंट अफेयर

# तीसरी बार फिर भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे मोदी



पाकिस्तान मूल के एक प्रसिद्ध अमेरिकी उद्योगपति ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक मजबूत नेता हैं जिन्होंने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और वह तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। बाल्टीमोर निवासी पाकिस्तानी अमेरिकी कारोबारी साजिद तरार ने कहा कि मोदी न केवल भारत के लिए अच्छे हैं बल्कि क्षेत्र और दुनिया के लिए भी अच्छे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि पाकिस्तान को भी उनके जैसा कोई नेता मिलेगा। तरार ने कहा, 'मोदी एक शानदार नेता हैं। वह ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में पाकिस्तान का दौरा किया। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि मोदी जी पाकिस्तान के साथ संवाद और व्यापार शुरू करेंगे।

## ऑफ बीट

# धार्मिक अनुभव बदल सकता है मेटावर्स



नई तकनीकें हमेशा हमारे धार्मिक अनुभवों में नयापन और बदलाव लेकर आई हैं। 1880 के दशक में रेडियो सुनना कई लोगों की नजर में धार्मिक महत्व रखता था क्योंकि उन्हें ऐसा लगता था कि रेडियो में सुनाई दे रही आवाज किसी और लोक से आ रही है। उस दौरान प्रेतात्माओं से संवाद करने के लिए होने वाली सभाएं काफी लोकप्रिय हो गई थीं क्योंकि कुछ लोगों को लगता था कि रेडियो ने आध्यात्मिक दुनिया के लिए एक द्वार खोल दिया है। भले ही दुनिया के कुछ हिस्सों में औपचारिक धार्मिक गतिविधियों में भागीदारी में कमी देखी जा रही है, लेकिन नयी तकनीकें हमारे आध्यात्मिक जीवन में नयापन लाती

## संक्षेप

### बिजली गिरी, दो भाइयों की मौत

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी में आम बीनने गए दो युवकों की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। युवकों की मौत की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर जामो पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लिया। युवकों की मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। दोनों मृत युवक रिश्ते में मौसेरे भाई थे। पूरा मामला जामो थाना क्षेत्र के लोरिकपुर गांव का है। जहां सुब्बा पांडेय का पुरवा रामशाहपुर गांव का रहने वाला मुकेश पासी (26) पुत्र नागेश्वर पास के ही गांव लोरिकपुर में अपने मौसी के घर गया था। मौसी के बेटे रंजीत कुमार (25) पुत्र रामसमुझ के साथ आम बीनने बाग में चला गया। आम बीनने के दौरान तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरी। जिसकी चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को देने के साथ परिजनों को दी। रोते बिलखते परिजन मौके पर पर पहुंचे। पुलिस की मदद से दोनों को जामो सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जामो एसएचओ विनोद सिंह ने कहा कि दो युवकों की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हुई है।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी में आज दोपहर रेलवे ट्रैक के पास खड़े युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की शिनाख्त कराने की कवायद जारी है। युवक की मौत भारत गौरव ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-वाराणसी रेल खंड स्थित पूरे प्रेम गांव के पास का है। आज दोपहर एक युवक रेलवे ट्रैक के पास खड़ा था। इसी बीच लखनऊ की तरफ जा रही ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। अमेठी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शिनाख्त की कोशिश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि भारत गौरव एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। इसका स्टॉपेज अमेठी में नहीं था और ये नॉनस्टॉप लखनऊ की तरफ जा रही थी। लोगों ने बताया कि जिस समय हादसा हुआ उस समय युवक रेलवे ट्रैक के किनारे खड़ा था। अमेठी एसएचओ अमर सिंह ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# जनपद न्यायाधीश ने डीएम व एसपी के साथ किया कारागार का निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला, सीजेएम शिवेन्द्र कुमार मिश्रा व अन्य अधिकारियों के साथ जिला कारागार का निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कारागार के निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों ने पाकशाला सहित विभिन्न बैरकों का भी निरीक्षण किया। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता तथा अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गईं। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक राजेश यादव, जेलर अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर शेषनाथ यादव, अनीता सक्सेना व देवकान्त वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## पेंशन धारकों के लिए एनपीसीआई कराना अनिवार्य : विनय सिंह

बहराइच। जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि विधवा पेंशन प्राप्त कर रही ऐसी निराश्रित महिलाएं जिन्होंने जिला प्रोबेशन कार्यालय, बहराइच के माध्यम से अपनी निराश्रित पेंशन का आधार प्रामाणीकरण पेंशन पोर्टल पर करा लिया है लेकिन अभी तक सम्बन्धित बैंक में अपने खाते को भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) पोर्टल से भी लिंक नहीं कराया है। ऐसे पेंशन के लाभार्थी एनपीसीआई की प्रक्रिया पूर्ण कराने हेतु बैंक पासबुक, आधार तथा मोबाइल नम्बर के साथ बैंक शाखा में जाकर एनपीसीआई की प्रक्रिया पूर्ण करा लें ताकि उन्हें पेंशन की धनराशि प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधिक जानकारी हेतु कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला प्रोबेशन अधिकारी, बहराइच के कार्यालय अथवा मोबाइल नम्बर 7518024026 पर सम्पर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# भारतीय मुस्लिम हलवाई बिरादरी ने बनाया नेशनल हलवाई फोरम कमेटी

### बहराइच के हाजी इलियास दाल मिल वाले के घर पर हुआ भव्य नामकरण

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। भारत के मुस्लिम समाज में एक बहुत बड़ी संख्या में हलवाई बिरादरी के लोग निवास करते है। जिनकी आबादी समुद्र की तलहटी कन्याकुमारी से लेकर भारत के सिरमौर कश्मीर तक फैला हुआ है, लेकिन राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर अपनी पहचान के लिए सदियों से संघर्ष कर रहा है। इसी संघर्ष को आगे बढ़ाने और हलवाई समाज को सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर राष्ट्रीय पहचान दिलाने के उद्देश्य से भारत के कोने कोने से व नेपाल से भी समाज के लोग उत्तर प्रदेश के जनपद बहराइच में इकट्ठा हो कर अपना एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन खड़ा किया है। बहराइच के हलवाई बिरादरी के मशहूर व्यापारी स्वर्गीय हाजी इलियास दाल मिल वाले के घर पर हाजी साहब के शाहबजादे मोहम्मद इदरीस की अध्यक्षता में बिरादरी के संगठन का नामकरण नेशनल हवाई फोरम कमेटी के नाम से भव्यता के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में देश के कोने कोने व नेपाल से भी लोग एकत्र हुए। समारोह में शामिल होने वाले लोगो में आगरा से आसिफ फरीदी, नगीना से शकील अहमद, कानपुर से आरिफ सिद्दीकी, जगदीशपुर अमेठी से हाजी छेदी साहब और बाबागंज से प्रधान हाजी अनवर साहब, शकील भट्ठा वाले, अंसार अहमद भागोले टेंट हाउस, मोहम्मद वसी पूर्व जिला पंचायत सदस्य के साथ बहुत सारे बहराइच के बिरादरी भाइयों ने शिरकत की। इसी के साथ रूपईडीहा से जनाब महबूब अहमद (कोल एक्सपोर्टर) एंड कस्टम क्लियरेंस एजेंट, मुमताज भाई, के साथ साथ नेपाल से आए हुए नेपाल हलवाई संघ के अध्यक्ष जनाब जियाउल हक आदि मौजूद रहे। नेशनल हलवाई फोरम का उद्देश्य पूरे भारत के हलवाई बिरादरी को जोड़ना और उनके हक और दिक्कतों के लिए संघर्ष करना है। समारोह में ये भी बताया गया कि अगली मीटिंग ऊंचा हार जुलाई माह में किया जाएगा जिसकी तारीख बाद में सभी को बता दिया जायेगा। उसके बाद लखनऊ की मीटिंग में संगठन के सभी पदाधिकारियों का चयन भी किया जाएगा

# पोलीस्टाइरीन वस्तुओं सहित एकल प्रयोग प्लास्टिक वस्तुएं प्रतिबन्धित

**अपशिष्ट प्लास्टिक अधिनियम के प्राविधानों के अनुसार की जायेगी कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि अपशिष्ट प्लास्टिक अधिनियम 2016 के क्रम में शासन द्वारा 75 माइक्रोन से कम मोटाई के प्लास्टिक कैरी बैग, 120 माईक्रोन से कम मोटाई के समस्त प्रकार की एकल उपयोग प्लास्टिक के विनिर्माण आयात, भण्डार, वितरण, बिक्री और उपयोग पूर्णता प्रतिबन्धित किया गया है। इसके अलावा पोलीस्टाइरीन और विस्तारित पोलीस्टाइरीन वस्तुओं सहित एकल प्रयोग प्लास्टिक वस्तुओं, प्लास्टिक स्टिक युक्त ईयर बड्स, गुब्बारों, प्लास्टिक की डंडिया, प्लास्टिक के झण्डे, कैंडी स्टिक, आईस्क्रीम की इंडिया, पोलीस्टाइरीन (थर्मोकॉल) की सजावट सामग्री भी प्रतिबन्धित है।

उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त कम्पोस्टिक योग्य न हो ऐसी प्लास्टिक से बनी प्लेटे, कप, गिलास, कोटे, स्ट्रॉ. ट्रे जैसे कटलरी मिठाई के डिब्बे के इर्द-गिर्द लपेटने या पैक करने वाली फिल्में, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर ट्रे का प्रयोग भी प्रतिबन्धित है। इन सामग्रियों का विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पाये जाने पर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध अधिसूचना में निर्धारित प्राविधानों के अनुसार नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन भवन परियोजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। पचास लाख से अधिक लागत की निमार्णाधीन भवन परियोजनाओं की समीक्षा के लिए बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में परियोजना प्रबन्धक, सी.एंड.डी.एस. गोण्डा, अधि.अभि. उ.प्र. आवास विकास परिषद, परियोजना प्रबन्धक यू.पी.पी.सी.एल. एवं जिले के नगरीय पेयजल परियोजनाओं हेतु नामित अधि.अभि. जल निगम बलरामपुर द्वारा समीक्षा बैठक में स्वयं प्रतिभाग न करने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कड़ी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सम्बन्धित से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक का संचालन करती हुई जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. अर्चना सिंह ने बताया कि जनपद में कुल रू. 683.14 करोड़ की लागत से विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत रू. 50 लाख से अधिक लागत के निमार्णाधीन कुल 82 परियोजनाओं अन्तर्गत रू. 400.82 करोड़ की धनराशि व्यय कर 89 प्रतिशत वित्तीय एवं 62 प्रतिशत भौतिक प्रगति प्राप्त की गयी हैं। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, मुख्य विकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसोदिया, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गोंड विशाल रामानुज, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी, अधि.अभि. जल निगम कमला शंकर सहित अन्य प्रशासकीय विभाग के जिलास्तरीय अधिकारी तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## दस्तकारों के लिए आयोजित होगा 10 दिवसीय प्रशिक्षण

बहराइच। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि एक जनपद-एक उत्पाद प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकारों एवं पारम्परिक कारीगरों के कौशल विकास हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जनपद हेतु चयनित उत्पाद खाद्य प्रसंस्करण एवं गेंहू के डंठल से निर्मित कलाकृति ट्रेड में प्रशिक्षणोपरान्त योजनान्तर्गत प्रशिक्षार्थियों को टूलकिट प्रदान की जाएगी। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि जिले के स्थाई निवासी जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो आवेदन के लिए अर्ह होंगे। योजनान्तर्गत शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नहीं है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थियों को 15 जुलाई 2024 तक विभागीय वेबसाइट डीआईयूपीएमएसएमई डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदन पत्र के साथ प्रयुक्त अभिलेखों की हार्ड कापी जिला उद्योग केन्द्र बहराइच में जमा कराना होगा। प्रशिक्षण योजना हेतु अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।

# हसनपुर में भाकियू टिकैत गुट की हुई मासिक पंचायत

**वक्ता बोले- बिजली अधिकारी चेकिंग के नाम पर किसानों का कर रहे शोषण**

अमन लेखनी समाचार



हसनपुर, अमरोहा के हसनपुर नवीन मंडी परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक पंचायत आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महावीर सिंह चौहान और संचालन ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह ने किया। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की गई।पंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ब्लॉक हसनपुर तथा तहसील हसनपुर की कार्यकारिणी भंग की जाए। इसके अलावा नई कार्यकारिणी का शीघ्र गठन किया जाए। इसी क्रम में ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह ने ब्लॉक हसनपुर की कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि हसनपुर तहसील के लगभग सभी विभागों के कार्यालय में अधिकारी एवं कर्मचारी ना हीं समय से कार्यालय आते हैं और ना ही समय से कार्यालय से जाते हैं। फोन भी नहीं उठाते। चेताया कि भारतीय किसान यूनियन इस संबंध में लापरवाह कर्मचारियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध उग्र आंदोलन करेगी। इस मामले से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। बिजली विभाग के अधिकारी चेकिंग के नाम पर किसानों का शोषण कर रहे हैं।

# बजरंग दल ने की सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश

**कांग्रेस नेता बोले- कलेक्ट्रेट में वर्ग विशेष के खिलाफ की थी अभद्र नारेबाजी, कार्रवाई हो**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुलतानपुर में शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने डीएम से भेंट की। कांग्रेसियों ने डीएम को बताया कि प्रदर्शन के दौरान बजरंगदल द्वारा एक विशेष वर्ग को लेकर अमर्यादित नारेबाजी की गई। उन्होंने डीएम से कार्रवाई की मांग की। छेड़खानी के मामले को मुद्दा बनाकर बीते दिनों बजरंगदल जिला संयोजक गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान एक वर्ग विशेष को लेकर अमर्यादित नारेबाजी की गई। कांग्रेसियों ने इसकी निंदा करते हुए इस टिप्पणी को आपराधिक कृत्य बताया। ज्ञापन के माध्यम से डीएम से कहा कि आपके कार्यालय प्रांगण में अशोभनीय नारेबाजी की गई।

जिसे आप स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई कराएं। कांग्रेसियों ने कहा सरकारी कार्यालय में खुलेआम की गई ऐसी नारेबाजी से वर्ग विशेष की भावनाएं आहत हुई हैं। कांग्रेस प्रवक्ता अमोल बाजपेई ने कहा आरोपियों को चिन्हित करके उनके खिलाफ एफआईआर दर्जकर की जाए। डीएम ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# दुल्हन के प्रेमी ने दूल्हे की कार पर बरसाई गोलियां

### अमरोहा में बाल बाल बचा दूल्हा, पहले ही धमकाया था- डोली की जगह अर्थियां उठेंगी

अमन लेखनी समाचार




अमरोहा, अमरोहा के मंडी धनौरा थाना इलाके में वार्निंग के बाद भी बारात लेकर जा रहे दूल्हे पर दुल्हन के प्रेमी ने फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि गोली कार के टायर में लगी। नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी। हालांकि इस घटना का कार का सीसा जरूर फूटा है। फिलहाल इस घटना के बाद से निकाह की रस्में पूरी नहीं हो सकी है। दूल्हा बारात लेकर अपने गांव वापस लौट आया है। दरअसल मंडी धनौरा थाना इलाके के एक गांव निवासी युवक का रिश्ता बिजनौर जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव वास्टा निवासी युवती के साथ तय हुआ था। आज बारात जानी थी। लिहाजा दूल्हा बरात लेकर निकला, लेकिन रास्ते में जब बारात जा रही थी तभी अमरोहा-बिजनौर जिले की सीमा पर गांव भूतपुरा के पास दूल्हे की कार पर पीछे से आए बाइक सवार युवकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी दूल्हा किसी तरह जान बचाकर मौके से भागते हुए बिजनौर जिले की बास्टा पुलिस चौकी पर पहुंचा। वहीं घटनास्थल थाना मंडी धनौरा क्षेत्र में होने के चलते स्थानीय पुलिस भी वहां पहुंच गई और जांच-पड़ताल की। दूल्हे के मुताबिक कार पर फायरिंग करने वाला दुल्हन का प्रेमी था। दुल्हन के प्रेमी ने उसे कुछ दिन पहले बारात नहीं लाने की सलाह दी थी। साथ ही कहा था कि अगर इस चौखट पर बारात आई तो डोली की जगह अर्थियां उठेंगी। धनौरा पुलिस बोली......मामले में अभी नही मिली कोई तहरीर लेकिन दूल्हे ने युवक की बात को मजाक में ले लिया। साथ ही आज बारात ले जाने पर जब फायरिंग हुई तो दूल्हे को उस बात का एहसास हुआ।

उधर इस मामले में काफी देर तक दो थानों की पुलिस उलझी रही। उधर इस मामले में धनौरा थाना पुलिस का कहना है कि मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलती है, तो मामले में जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# मिल्कीपुर में ओपीडी पहुंची 500 के पार

**उमसभरी गर्मी से बढ़े, उल्टी, दस्त और बुखार के मरीज, रोज 10 से 15 मरीज हो रहे भर्ती**

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, अयोध्या में उमस भरी गर्मी में लोग बीमारियों की गिरफ्त में आने लगे हैं। गर्मी, दूषित खानपान, पेय पदार्थों, पानी के असर से उल्टी-दस्त, डायरिया के बीमार अस्पताल पहुंचने शुरू हो गए हैं। उमस भरी गर्मी के साथ ही अस्पताल का ओपीडी 500 को पार कर गया है। डॉक्टरों ने गर्मी में खानपान से लेकर तेज धूप और गर्मी में एहतियात बरतने की सलाह दी है। मिल्कीपुर क्षेत्र के सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज में 500 से ज्यादा मरीज परामर्श के लिए पहुंच रहे थे। तापमान में उतार-चढ़ाव, दूषित पानी की शिकायतों, गर्मी से खराब भोजन, अन्य खाद्य सामग्री का उपयोग, धूप में बिना बचाव के निकलना, पानी नहीं पीना, मच्छरों के प्रकोप के चलते मरीजों की संख्या में एकदम से बढ़ोतरी हुई है। डॉक्टरों के अनुसार अस्पताल में प्रतिदिन 10 से 15 मरीज उल्टी-दस्त, बुखार के ही आ रहे हैं। डॉक्टरों ने आमजन को एहतियात बरतने की अपील की। उमसभरी गर्मी से अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। उपचार और बेड को लेकर अस्पताल प्रबंधन जुटा हुआ है। संदीप, लव कुश, निधि, अभिमन्यु, सोनाली, लालमति, पूजा सिंह, राजू, विपिन, रीता यह सभी मरीज उल्टी, दस्त और बुखार से पीड़ित हैं। सभी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। फिजिशियन डॉ अरविन्द कुमार मौर्या ने बताया कि लापरवाही न बरतें। बच्चे एवं बुजुर्ग दोपहर में बाहर नहीं निकलें। बार-बार पानी पिएं, पानी की कमी न होने दें।

# अयोध्या में नवजात की निजी अस्पताल में लापरवाही से मौत

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हॉस्पिटल किया सील, बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा था

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, अयोध्या के मिल्कीपुर में हॉस्पिटल में बिना योग्य सर्जन के महिला का ऑपरेशन कर प्रसव करने के दौरान नवजात की मौत हो गई थी। इसके बाद परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग और तहसील प्रशासन ने सोमवार देर शाम अस्पताल में भर्ती मरीजों को जिला अस्पताल में शिफ्ट कर इस अस्पताल को सील कर दिया। अयोध्या थाना कुमारगंज क्षेत्र के तिन्दौली गांव निवासी सुधा दुबे पत्नी सोनू दुबे को प्रसव पीड़ा होने के बाद परिजनों ने 21 जून को अली हॉस्पिटल में इलाज के लिए पहुंचाया था। संचालक भारत कुमार ने सोनू की पत्नी सुधा को ऑपरेशन कराने के लिए कहा। बोले, अन्यथा बच्चे के मुंह में गंदा पानी चला जाएगा। डर से सुधा ने ऑपरेशन के लिए हां कह दी। डॉ भारत कुमार ने ऑपरेशन से पहले 13 हजार रुपए नकद भुगतान करा लिया और ऑपरेशन होने के बाद 40 हजार रुपए की और मांग की। पर जब बच्चे की हालत बिगड़ने लगी तब अस्पताल संचालक ने कहा इसे जिला अस्पताल ले जाइए।

# सुलतानपुर में गौशालाओं में अव्यवस्था

**तहसीलदार के निरीक्षण में मरणासन्न मिले 5 गौवंश, एक की मौत, नदारद थे कर्मचारी**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुलतानपुर में गौशालाओं का हाल बेहाल है। यहां तहसील क्षेत्र अंतर्गत बने पसीपुर गौशाला में तहसीलदार निरीक्षण पर पहुंचे। निरीक्षण में गोवंश स्थल में पांच गौवंश मरणासन्न अवस्था में पाई गईं। एक गौवंश की मौत हो चुकी थी। कर्मचारी भी यहां नदारद मिले। गौशाला पर चली खबर का असर दिखा। परसीपुर पशु आश्रय स्थल का सोमवार शाम तहसीलदार देवानंद तिवारी ने निरीक्षण किया। तहसीलदार के निरीक्षण में गौशाला पर कोई कर्मचारी नहीं मिला। गौशाला पर मौजूद एक बच्चे से तहसीलदार ने पूछताछ की। निरीक्षण के दौरान मौके पर एक गौवंश मृत मिला और पांच गौवंश मरणासन्न अथवा बीमार अवस्था में पाए गए। पशु आश्रय स्थल पर अवस्थाओं का बोलबाला दिखा। शासन द्वारा पशु आश्रय स्थलों में सुविधा मुहैया कराने के लिए सरकार भले ही पानी की तरह पैसा बहा रही हो, लेकिन पशु आश्रय स्थलों की जिम्मेदारी लेने वाले अधिकारी और कर्मचारी आश्रय स्थलों में रहने वाले मवेशियों को सुविधा प्रदान करने में नाकाम साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों की मानें तो पशु आश्रय स्थल पर गोवंशों द्वारा किए गए गोबर से बनने वाली खाद कुछ चहेतों के खेतों में डाली जा रही है। बिना अनुमति के गौवंश के गोबर से बनी खाद प्रधान के खेतों में डाली जा रही है, जिसे देखते ही तहसीलदार ने ट्रैक्टर और ट्रॉली को सीज कर दिया।

# संक्षेप

## प्रधान ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र , सोनभद्र के विकास खण्ड कोन में भ्रष्टाचार को लेकर प्रधान ने एसडीएम के दरबार पहुंचकर प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराने की बात कही है। मिटिहिनिया ग्राम प्रधान अजय कुमार कुशवाहा ने ज्ञापन देने के दौरान बताया कि ग्राम पंचायत में रोजगार सेवक द्वारा आवास में जिओ टैंगिंग के नाम पर ग्रामीणों को डरवाते हुए धन उगाही की बात सामने आई है। जिसके सम्बन्ध में ग्रामीणों ने सदर विधायक से लेकर जिलाधिकारी तक को शपथपत्र भी दिया है। जिसमें जांच अपेक्षित है।इतना ही नहीं रोजगार सेवक द्वारा मनरेगा के कार्यों में फर्जी मजदूरों की हाजिरी भर कर सरकारी धन का बन्दर बांट करने का मामला भी सामने आया है। बताया गया कि जिन मजदूरों ने कभी काम नहीं किया उनके बैंक अकाउंट में लाखों रुपए डाल दिया गए। वहीं जिन मजदूरों ने काम किए वो अपनी मजदूरी को लेकर परेशान है। बिना जानकारी के ग्राम पंचायत की मोहर बनवाकर फर्जी हस्ताक्षर कर धन उगाही की गयी। जिसकी सूचना पूर्व में जिला प्रशासन के साथ-साथ विकास खंड अधिकारी कोन और सहायक विकास अधिकारी कोन को लिखित में अवगत कराया गया। लेकिन अभी तक ग्रामीणों को न्याय नहीं मिला। ऐसा नहीं है कि इस पंचवर्षीय में ही गोलमाल की बात सामने आई है। इसके पूर्व में रहे पूर्व ग्राम प्रधान ने भी लिखित शिकायत के साथ रोजगार सेवक की इन करतूतों की शिकायत की थी।फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं ओबरा एसडीएम विवेक सिंह ने निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की बात कही है।ग्राम प्रधान ने दो टूक कहा ग्रामीणों के मजदूरी का भुगतान न होने की दशा में सभी ग्रामीण भ्रष्टाचार के खिलाफ जिलाधिकारी के यहां प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

## फॉर्च्यूनर की टक्कर से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

मिरशादपुर , एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पीछे बैठा दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा आज सुबह बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के मिरशादपुर गांव में नेशनल हाईवे-731 पर हुआ है। बक्सा थाना क्षेत्र के उमरपुर शिवगुलाम गंज निवासी धीरू कुमार और कल्लू मजदूरी करते हैं। दोनों बाइक से सुबह बदलापुर की तरफ जा रहे थे। मिरशादपुर गांव के पास हाईवे पर तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में धीरू की मौके पर ही मौत हो गई। कल्लू गंभीर रूप से घायल हो गया। कल्लू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर लाया गया, जहां डॉक्टर ने देखते ही उसे जिला अस्पताल रेफरकर दिया। सूचना पर पहुंची बदलापुर कोतवाली पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष रोहित मिश्रा ने बताया कि परिजनों की तहरीर मिलने पर फॉर्च्यूनर कार चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन की हुई बैठक

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर पारित प्रस्ताव में शिक्षकों ने जाहिर की प्रसन्नता

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला



फतेहपुर। जनपद के सदर क्षेत्र विद्या निकेतन इंटर कॉलेज रानी कॉलोनी में विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई बैठक के अंतर्गत विगत 18 वर्षों से निरंतर संघर्ष कर रहे शिक्षकों को पुरानी पेंशन बहाली की आश दिखाई दी जिसमें सभी शिक्षकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए वर्तमान सरकार का आभार व्यक्त किया बैठक में मौजूद वेलफेयर एसोसिएशन के महामंत्री बृजेश सिंह ने बताया कि पुरानी पेंशन योजना का प्रस्ताव विगत 25 जून को प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में पास कर दिया गया है वर्तमान सरकार के ऐतिहासिक निर्णय को देख सभी विभागों के कर्मचारी तथा शिक्षकों ने खुशी जाहिर की संगठन के जिला अध्यक्ष शिक्षक डॉ प्रशांत पाण्डेय ने बताया कि इस ऐतिहासिक निर्णय से बेसिक शिक्षा विभाग के लगभग 40000 तथा अन्य विभागों के लगभग 30000 कर्मचारियों को लाभ मिलेगा पुरानी पेंशन बहाली को लेकर किए गए संघर्ष में एक ऐतिहासिक जीत विभागीय कर्मचारियों को मिलने जा रही है जिसमें स्वास्थ्य सफाई समेत शिक्षा विभाग आदि सभी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की कड़ी मेहनत ने सफलता को स्पर्श किया इस मौके पर बैठक के दौरान विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेपी यादव कोषाध्यक्ष अरुण शर्मा जिला संयोजक अटेवा निधान सिंह यादव जिला महामंत्री अटेवा महेंद्र कुमार मौर्य जिला महामंत्री जूनियर शिक्षक संघ ललितेश त्रिवेदी पंकज श्रीवास्तव पुनीत उत्तम सचिन रस्तोगी दीपक कुमार जिला कोषाध्यक्ष अटेवा देवेंद्र कुमार पाण्डेय लाल देवेंद्र प्रताप सिंह योगेश वर्मा तेज सिंह प्रेम सिंह शिवकरन दिलीप कुमार तिवारी तथा शिक्षक अंबा प्रसाद समेत भारी संख्या में मौजूद शिक्षकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए एक दूसरे को मुंह मीठा करा कर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया

# शादी के दो महीने बाद प्रेमी संग दुल्हन फरार

- देवरिया में पुलिस ने दुल्हन को बरामद कर मायके भेजा, प्रेमी संग रहने की जिद पर अड़ी थी

अमन लेखनी समाचार




देवरिया, देवरिया में शादी के दो महीने बाद दुल्हन प्रेमी संग फरार हो गई।पीड़ित पति ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने फरार दुल्हन को बरामद कर लिया। जिसके बाद दुल्हन प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही। थक हारकर दुल्हन को उसके मायके भेज दिया गया।जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र की एक युवती की शादी बघौचघाट थाना क्षेत्र के एक गांव में 25 अप्रैल को हुई थी।शादी के बाद भी दुल्हन अपने प्रेमी से मोबाइल से बात करती थी। 22 जून की रात में दुल्हन ने अपने प्रेमी को ससुराल बुलाकर उसके साथ फरार हो गई। इसकी जानकारी जैसे ही दुल्हन के घरवालों को हुई उन्होंने खोजबीन शुरू कर दी। बहुत दौड़भाग के बाद भी दुल्हन का पता नहीं चला।थक हारकर दुल्हन के ससुरालियों ने बघौचघाट थाना पहुंचकर पुलिस को घटना के बारे में बताया। पुलिस ने फरार दुल्हन के मायके वालों को बुलाकर पूछताछ की तो प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया। पुलिस ने दुल्हन की बरामदगी के लिए अनेक जगहों पर दबिश दी।इसी बीच पुलिस को मुखबिर द्वारा दुल्हन के एक गांव में होने की जानकारी मिली।

# मेरठ में पुलिस की बदमाश से मुठभेड़

## बुनकरनगर में गोली चलाई थी, आठ घंटे बाद ही गिरफ्तार, पैर में मारी गोली

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र स्थित बुनकरनगर में गोली चलाकर दहशत फैलाने वाले बदमाश को रात करीब 1:00 बजे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आमिर गार्डन स्थित बाग में घेर लिया।पुलिस को देखते ही बदमाश ने पुलिस टीम पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली पैर में लगने से बदमाश घायल हो गया।घायल बदमाश को पुलिस ने उपचार के लिए भेज दिया।उसके आपराधिक इतिहास को खंगालने में जुट गई।बुनकरनगर गली नंबर 6 के रहने वाले फैजान पुत्र अय्यूब ने सोमवार दोपहर पड़ोस के रहने वाले इरफान पुत्र बाबू के मकान पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी थीं। गोलियों की तड़तडाहट से क्षेत्र में अफता तफरी मच गई और लोगों ने अपनी दुकानों के शटर बंद कर दिए। गोलियां चलाने के दौरान आरोपी पास के मकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस फैजान की तलाश में ताबड़तोड़ छापेमारी कर ही रही थी। रात 1:00 बजे पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि आरोपी फैजान पुलिस से बचने के लिए लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र आमिर गार्डन स्थित एक आम के बाग में सो रहा है।सूचना मिलने के बाद सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार और इंस्पेक्टर लिसाड़ी गेट जितेंद्र सिंह ने एक टीम का गठन करते हुए बाग को चारों ओर से घेर लिया।पुलिस से घिरने के बाद आरोपी फैजान ने पुलिस टीम पर गोलियां चला दी।

# जालौन पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़

- दो आरोपियों को पैर में गोली मारकर पकड़ा, एक ने किया सरेंडर, लूट के इरादे से घूम रहे थे

अमन लेखनी समाचार



जालौन, जालौन की डकोर कोतवाली पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम की तीन अंतर्जनपदीय शातिर लुटेरों से तड़के मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए, जबकि एनकाउंटर के डर से तीसरे ने सरेंडर कर दिया। आरोपियों के पास से तमंचा-कारतूस बरामद हुए।घायल बदमाशों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया।उरई सीओ गिरजाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार तड़के डकोर कोतवाली पुलिस चेकिंग कर रही थी।मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग राठ जाने वाले हाईवे पर अवैध असलहों के साथ आने-जाने वाले लोगों के साथ लूट की वारदात को अंजाम दे रहे हैं।सूचना पर डकोर कोतवाली टीम के साथ एसओजी सर्विलांस टीम ने संयुक्त रूप से राठ रोड की तरफ चेकिंग अभियान चलाया।पुलिस को कुछ संदिग्ध दिखाई दिए, जिन्हें रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग कर दी।पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें दो बदमाश विवेक सिंह पुत्र दिलीप सिंह निवासी हमीरपुर और वीर सिंह पुत्र सतगुरु निवासी थाना डकोर के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गए। वहीं इनके तीसरे साथी नरेंद्र पाल पुत्र शंकरपाल निवासी महोबा ने सरेंडर कर दिया। आरोपियों के कब्जे से 3 तमंचा 315 बोर, तीन खोखा कारतूस 315 बोर, पांच जिंदा कारतूस 315 बोर और दो बाइक बरामद हुई, जबकि इनके दो साथी निखिल दोहरे निवासी सुंदरपुर रिथौरा थाना रेडर जिला जालौन हाल निवासी लहार भिंड मप्र और राहुल निवासी ग्राम सिमिरिया थाना डकोर भाग निकले।

# सीतापुर में तीन सिपाहियों को 10-10 साल की कैद

## पुलिस कस्टडी में युवक की मौत मामले में कोर्ट का फैसला, 21-21 हजार जुमार्ना भी लगा

अमन लेखनी समाचार




सीतापुर, सीतापुर में 21 साल पुराने पुलिस कस्टडी में आरोपी की मौत मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी कोर्ट ने सुनवाई के बाद तीन सिपाहियों को दोषी करार देते हुए 10-10 साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने 21-21 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया।दोषी तीन सिपाहियों में दो पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हो चुके हैं, जबकि एक सिपाही बहराइच जनपद के कैसरगंज थाने में तैनात है। कोर्ट से सजा सुनाए जाने के बाद पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया। मामला रामकोट थाना इलाके का हैं।1 जुलाई वर्ष 2003 को रामकोट थाना इलाके के ग्राम मोहद्दीनपुर निवासी डालचंद्र न्यायालय में एक मुकदमे में पेशी के बाद घर जा रहे थे। कचनार चौकी पर तैनात दो आरक्षी सुरेश और केशरी नंदन पटेल ने डालचंद्र को पकड़ लिया और उसे चौकी कचनार ले गए।यहां चौकी पर पहले से मौजूद आरक्षी सियाराम यादव की देखरेख में उसे बंदीगृह के एक कमरे में बंद कर दिया गया।बताया जाता है 1 जुलाई को शाम 5 बजे डालचंद्र की पुलिस अभिरक्षा में फांसी लगाकर आत्महत्या की खबर आ गई।पुलिस ने मृतक के भाई मैना की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया।

# हरियाणा डिपो की बस पलटी

- लोगों ने शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला, 40 घायल

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में रात बड़ा हादसा होते-होते बचा।यहां हरियाणा डिपो की बस पलट गई।हादसा दिल्ली हाईवे पर बिग बाइट होटल के पास हुआ। अचानक ड्राइवर को झपकी आने पर बस यहां डिवाइडर पर चढ़ गई और पलट गई।

हरियाणा डिपो की बस हरिद्वार से दिल्ली की तरफ जा रही थी। बस में करीब 50 यात्री सवार थे। हरिद्वार से लौट रही बस में कुछ लोग मेरठ से भी सवार हुए थे। यात्रियों को इलाज के लिए सुभारती मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है।लोगों ने बस के शीशे तोड़ दिए। ताकि यात्रियों को निकाला जा सके। बस में ज्यादा यात्री हरियाणा के रहने वाले है।साथ लोग मेरठ में से भी सवार हुए थे। थाना प्रभारी जय करण का कहना है कि बस में हरियाणा, दिल्ली और मेरठ के भी लोग है। यह बस हरिद्वार से हरियाणा जा रही थी। फिलहाल घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा जा रहा है। बस के चालक और परिवार को भी गंभीर चोट आई हैं। कई बच्चे भी बुरी तरह से चोटिल हैं।

# शिक्षकों को वितरित किया गया सिम कार्ड

## परिषदीय विद्यालयों में अब ऑनलाइन लगानी होगी हाजिरी, पारदर्शिता लाने की पहल

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र , सोनभद्र के विकास खंड बभनी के 115 परिषदीय विद्यालयों को सिम दिए गए। परिषदीय विद्यालयों में ऑनलाइन मॉनिटरिंग करने के लिए सभी परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को ब्लाक संसाधन केंद्र बभनी पर सिम कार्ड दिया गया। इस सिमकार्ड का उपयोग पूर्व में दिए गए टैबलेट के संचालन में किया जाएगा। टैबलेट के माध्यम से पंजिका को ऑनलाइन करना है।

निशुल्क सामग्री वितरण, विद्यार्थी उपस्थित,स्टाक, पुस्तकालय एवं खेलकूद, प्रवेश पंजिका, अध्यापक उपस्थिति, पत्र व्यवहार, बाल गणना पंजिका को ऑनलाइन किया जाना है। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों का पूरा डाटा अब ऑनलाइन किया जा रहा है। प्रेरणा पोर्टल, दीक्षा एप सहित अन्य एप के माध्यम से बेसिक के स्कूलों का डाटा ऑनलाइन किया गया है। अब सिम मिलने के बाद स्कूलों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग भी तेज होगी। शिक्षकों की उपस्थिति भी ऑनलाइन लगेगी। टेबलेट में सिम पड़ने के बाद सीयूजी नम्बरों की तरह हर स्कूल के नम्बर डाटा बीईओ, बीएसए के पास मौजूद रहेगा।

वहीं यह भी बताया जाता है, अगर अगला स्कूल समय शुरू होने और स्कूल में अवकाश होने के समय लेख तक सिम के माध्यम से लोकेशन पता चलती रहेगी।स्कूल समय में मॉनिटरिंग होती रहेगी। टैबलेट के माध्यम से स्कूलों का डाटा तो ऑनलाइन होगा ही साथ ही इससे स्मार्ट क्लास भी चलाई जाएंगी।

बताते चलें कि सिम के रिचार्ज का पैसा भी राज्य परियोजना से देने की व्यवस्था है।सहायक लेखाकार विजय कुमार द्वारा सिमकार्ड सम्बंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक को दिया गया।

सिमकार्ड वितरण में सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# तहसीलदार मछलीशहर, बदलापुर को डीएम ने दी चेतवानी

- कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार




जौनपुर, जौनपुर में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता में राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने धारा 24 तथा धारा 80 के मामले की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि इससे संबंधित जितने भी वाद लंबित है।उनका त्वरित निस्तारण कराएं।साक्ष्य आदि को लेकर अनावश्यक देरी ना करें। धारा 24 के सर्वाधिक मामले मछलीशहर तथा सदर में पाए गए जिस पर उन्होंने कब्जादखल, पैमाईश आदि से संबंधित मामलों को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए तथा आदेशों को नियमित रूप से अपलोड कराने के भी निर्देश दिए।इसके पश्चात उन्होंने रियल टाइम खतौनी की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जो अंश लिखे जा रहे हैं उनके समीक्षा कराना भी सुनिश्चित करें। घरौनी वितरण के संदर्भ में बदलापुर में कम वितरण पाया गया, जिस पर उन्होंने से लक्ष्य के सापेक्ष वितरण बढ़ाने के निर्देश दिए। तहसीलदार मछलीशहर, तहसीलदार बदलापुर को कम वादों का निस्तारण किए जाने पर चेतावनी दी है।5 वर्ष से अधिक वादों के निस्तारण की समीक्षा के दौरान नायब तहसीलदार बयालसी, पैसारा, कस्बा, सुजानगंज, बरसठी, नगर, सरेमू, बारी, सहित तहसीलदार मछलीशहर, तहसीलदार बदलापुर को कम वादों का निस्तारण किए जाने पर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए

# पत्नी ने खाया जहर तो पति छत से कूदा

## बांदा में गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती, विवाद के बाद उठाया आत्मघाती कदम

अमन लेखनी समाचार



बांदा, बांदा में पति से विवाद के बाद पत्नी ने जहर खा लिया। पति ने पत्नी की हालत बिगड़ती देख छत से छलांग लगा दी। दोनों को बबेरू सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। यहां दोनों का इलाज चल रहा है। मामला बबेरू कोतवाली क्षेत्र के सतन्याव गांव का है।गांव निवासी पूजा का किसी बात को लेकर पति कृष्णा कुमार से झगड़ा हो गया। झगड़ा ज्यादा होने पर पूजा ने मरने की बात कहकर जहर खा लिया।पत्नी के जहर खाने से आहत पति ने छत से कूदकर जान देने की कोशिश की। परिजनों ने दोनों को बबेरू सीएचसी पहुंचाया। यहां उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कृष्ण कुमार गुजरात में टायर बनाने की कंपनी में काम करता है।वह 5 दिन पहले गांव आया था।इसके बाद दोनों में आपसी विवाद हो गया।

# दो बाइकों की टक्कर में टीचर की मौत

- भाजपा महिला नेता समेत 2 लोग घायल, अस्पताल में कराया भर्ती

अमन लेखनी समाचार



जालौन, जालौन में देर रात दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई।इस हादसे में एक शिक्षक की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार भाजपा की महिला नेत्री सहित दो लोग घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जिन्होंने सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में भर्ती कराया। यहां डॉक्टर ने शिक्षक को मृत घोषित कर दिया। भाजपा महिला नेत्री सहित 3 की हालत नाजुक देख उन्हें हायर सेंटर उरई रेफर कर दिया।साथ ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना जालौन कोतवाली क्षेत्र के उरगांव रोड की है। यहां कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चुरखीवाल के रहने वाले प्रेम कुमार झा (50) पुत्र लल्लू राम झा जालौन के छत्रसाल इंटर कॉलेज में शिक्षक के पद पर तैनात थे, उनकी पत्नी संगीता झा (46) भाजपा महिला मोर्चा की नगर महामंत्री हैं।वह सोमवार देर शाम को करीब सात बजे चरसौनी गांव में अपने रिश्तेदार के यहां आयोजित त्रयोदशी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बाइक से जा रहे थे। जैसे ही वह नगर से उरगांव रोड के पास पहुंचे तभी मोड़ के पास ही हथना बुजुर्ग गांव निवासी जितेंद्र कुमार बाइक लेकर सामने से आ रहा था।

मोड़ के पास दोनों बाइकों में आमने सामने टक्कर हो गई।हादसे में तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना को देख हड़कंप मच गया और राहगीरों ने हादसे को देख तत्काल इसकी सूचना डायल 112 को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को सीएचसी पहुंचाया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही प्रेम कुमार की मृत्यु हो गई। गंभीर रूप से घायल संगीता झा और दूसरे बाइक सवार जितेंद्र कुमार की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने शिक्षक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

संक्षेप

## जामुन के पेड़ से गिरकर घायल हुआ बालक

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर।थाना क्षेत्र के लल्ली डेरा गांव निवासी आठ वर्षीय लड़का जामुन के पेड़ गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। बेहोशी की हालत में परिजन इलाज के लिए सी एस सी लेकर आए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया है। क्षेत्र के लल्ली डेरा गांव निवासी शिवम उम्र 8 वर्ष पुत्र मुन्ना सिंह दोपहर में जामुन के पेड़ में चढ़कर जामुन तोड़ रहा था तभी वह पेड़ से गिरकर गंभीर रूप घायल हो गया। परिजन बेहोशी की हालत में इलाज के सी एस सी लेकर आए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया है। चिकित्सक ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी है।

## ओवरटेक करते समय लोडर घुसा ट्रक में हेल्पर, घायल

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर।नेशनल हाईवे में नरायनपुर गांव के समीप ट्रक को ओवरटेक करते समय एक लोडर ट्रक में पीछे से जा घुसा।इस घटना में लोडर का हेल्पर केबिन में बुरी तरह से फंस गया।पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद हेल्पर को निकालकर उपचार के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया।बृहस्पतिवार को दोपहर करीब 2 बजे एक लोडर हमीरपुर से महोबा की तरफ जा रहा था।नरायनपुर गांव के समीप यह आगे जा रहे ट्रक को ओवरटेक करते समय ट्रक में पीछे से जा घुसा।इस घटना में लोडर का हेल्पर दस्सी 30 वर्ष महोबा केबिन में बुरी तरह से फंसकर घायल हो गया।घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद लोडर की खिड़की तोड़कर बाहर निकालकर उपचार के लिए सदर अस्पताल भिजवाया।इसके बाद पुलिस ने बाधित हो गये यातायात को सामान्य कराकर आवागमन शुरू करा दिया।

## मारपीट के मामले में दोबारा डॉक्टरी कराने की मांग एसपी से

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम मौहर के एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंप कर विपक्ष द्वारा फर्जी तरीके से डॉक्टरी कराकर मुकदमा दर्ज कराने तथा खुद का सही मेडिकल न होने का आरोप लगाकर दोबारा मेडिकल कराने की मांग की है। मौहर निवासी बबलू प्रजापति ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसका पारिवारिक विवाद गत 20 जून को हुआ था। जिसमें पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से मुकदमा दर्ज किया था। विपक्ष ने फर्जी ढंग से डॉक्टरी रिपोर्ट तैयार करा ली है। उसके तथा उसके पुत्र के गंभीर चोट होने के बाद मामूली चोटें दिखाकर मुकदमा कमजोर कर दिया गया है। जबकि पिता पुत्र के गंभीर चोटें हैं। जिसका साक्ष्य प्राइवेट डॉक्टर की रिपोर्ट में है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से दोबारा मेडिकल कराए जाने की गुहार लगाई है।

# विकास कार्यों को लेकर प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन/जनपद प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, राजस्व कार्यों, निर्माण कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में राज्य मंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश श्री मयंकेश्वर शरण सिंह, सदस्य विधान परिषद गोविंद नारायण शुक्ला, शैलेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र सहित अन्य उपस्थित रहे।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति में सुधार लाने एवं पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने राजस्व वसूली की समीक्षा किया। जिसमें आबकारी, विद्युत, परिवहन, खनन, स्टाम्प, नगरीय निकाय विभाग द्वारा की गई वसूली की जानकारी ली एवं निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रभारी मंत्री ने अन्य कार्यों की गहन समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने हत्या के मामलों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लूट के मामलों में गिरफ्तारी, महिला उत्पीड़न, बलात्कार, अपहरण, पास्को एक्ट, गुंडा एक्ट, अनुसूचित जनजाति उत्पीड़न, लंबित विवेचना, गैंगस्टर, रासुका सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा किया एवं पुलिस विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने जनपद में चल रहे 50 लाख से ऊपर की लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा किया एवं निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को दिए। अंत में प्रभारी मंत्री जी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभागों को जो भी निर्देश दिए गए हैं उन्हें कड़ाई से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता तक सुव्यवस्थित से पहुंचे इसके लिए हम सभी को टीम भावना के साथ कार्य करना होगा, आप लोग पूरी जिम्मेदारी, निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ विकास कार्यों को संचालित करें। अगली बैठक में इसकी समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही प्रभारी मंत्री ने समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को जनसामान्य के प्रति अपना आचरण व व्यवहार नम्र रखने के निर्देश दिए साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा फोन किए जाने पर तत्काल उठाएं। बैठक में जिलाधिकारी निशा अनंत ने प्रभारी मंत्री जी को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपके द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका संबंधित अधिकारियों से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। बैठक के दौरान उक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए एश्वर्य यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बिजली गिरने से दो चचेरे भाइयों समेत तीन की मौत

अमन लेखनी समाचार

राठ,हमीरपुर।जिले में राठ क्षेत्र के बहगांव गांव में घटोई बाबा स्थान पर गुरुवार दोपहर बादलों की तेज गड़गड़ाहट के बीच बिजली गिरने से दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। जबकि महिला सहित तीन लोग झुलस गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं सरीला क्षेत्र में एक अधेड़ की मौत हुई है।



बहगांव के घटोई बाबा स्थान पर गुरुवार दोपहर को दरबार लगा हुआ था। लोगों का मानना है कि गांव के भगवानदास रैकवार को घटोई बाबा अवतरित होते हैं। दरबार में गांव का धर्मेंद्र (20) जो 3 माह से लापता था। जिसकी जानकारी के लिए दरबार लगा हुआ था। यहां पर गांव के 20 लोग बैठे हुए थे। अचानक बारिश शुरू हुई।बारिश से बचने के लिए लोग नीम के पेड़ के नीचे बैठ गए। तभी बादलों की तेज गड़गड़ाहट के साथ बिजली गिर गई। जिससे शिवम (16) उसका चचेरा भाई शिवप्रसाद (17), नेहा (30) उसका पुत्र आनिकेश (4) व राहुल (17) झुलस गए। घटना के बाद दरबार में हड़कंप मच गया और भगदड़ मच गई। गांव के लोग मौके पर पहुंचे और झुलसे लोगों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर अखिलेश कुमार सिंह ने शिवम व शिवप्रसाद को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायलों का इलाज चल रहा है। करियारी गांव निवासी उदयाभान (52) की बिजली गिरने से मौत हो गई।

## एसोसिएटेड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज गीडा का हुआ गठन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पूर्वांचल की सबसे बड़ी औद्योगिक नगरी गीडा में वर्तमान चैम्बर से नाराज व्यापारी व छोटे उद्यमियों ने सेक्टर 13 में बैठक कर नए एसोसिएटेड चैम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज गीडा गोरखपुर के नाम से गठन कर लिया। एम के सिंह के नेतृत्व में भारी संख्या में पहुंचे व्यापारियों का कहना है कि गीड़ा की व्यापारियों व छोटे उद्योगों की लगातार शोषण हो रहा हैं।और उनकी आवाज उठाने वाला कोई नहीं है। गीडा द्वारा लगातार उद्यमियों के मेंटेनेंस बढ़ाया जा रहा है। जबकि सुविधा लगभग नगण्य है।न ही नालों की सफाई होती है न नालों पर स्लैब है न साफ पानी की व्यवस्था। नए सेक्टर में उद्यमियों को बिना मूलभूत सुविधा विकसित किए ही उनसे मेंटेनेंस शुल्क एवं ब्याज लिया जा रहा है। जबकि सेक्टर में अभी तक विद्युत सड़क की सुचार व्यवस्था नहीं हो पाई है।प्रथम बारिश में ही गीड़ा के सड़को पर जल जमाव की स्थिति बन गई है नालों की सफाई नहीं हो पाई है। जिससे सड़कों पर पानी लगने के कारण उद्यमियों के फैक्ट्री में पानी घुस आता है। जिससे उद्यमियों को काफी नुकसान पहुंचता है। उद्यमियों ने बताया कि गीड़ा में कोई सिटीजन चार्टर नहीं है न ही सिगल विडो सिस्टम।रजिस्ट्री करने से लेकर नक्शा पास करने तक व्यापारी व उद्यमियों का जबरदस्त शोषण होता है। दस दस दिन फाईल डॉक मे ही पडी रहती है।परंतु कोई भी चैम्बर एवम कोई भी संगठन उनकी बात नहीं करता। फूड डिपार्टमेंट द्वारा एवम अग्निशामक डिपार्टमेंट द्वारा उद्यमियों से सुविधा शुल्क बांध दिए गए हैं। गीडा में लगातार रखरखाव शुल्क व ब्याज एवंम भूखंडों के रेट में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। तथाकथित चैम्बर में बैठे लोग सिर्फ बड़े उद्योगपतियो की ही बात सुनते हैं।कार्यालय में उद्यमियों को बेइज्जत कर दिया जाता है परंतु संगठन कोई आवाज नहीं उठाता। ऐसे में छोटे व्यापारी व उद्यमियों सर्वसम्मत ने नया चैम्बर बनाने का निर्णय लिया है निर्णय लिया गया कि संगठन का संरचना व पदाधिकारी का चयन अगली बैठक में किया जाएगा। बैठक में विजय शुक्ल, नमिता पांडेय, जे0एन0पांडेय, मनोज, स्वीटी शुक्ला, सतेंद्र कुमार, वेद प्रकाश सहित आने उद्यमी और व्यापारी मौजूद थे।

## आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों को संदर्भ की नियत दिनांक से 3 दिन पूर्व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के दौरान माह जून में डिफाल्टर की नियत दिनांक के अंतिम दिन तक लंबित रखने वाले अधिकारियों क्रमशः मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड 41, उप कृषि निदेशक, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अमेठी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका जायस, सहायक महानिदेशक निबंधन, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, एलडीएम, परियोजना अधिकारी नेडा, अधिशासी अभियंता जल निगम, जीएमडीआईसी, सीओ अमेठी, तहसीलदार तिलोई व गौरीगंज, खंड विकास अधिकारी तिलोई, संग्रामपुर व भादर, पूर्ति निरीक्षक अमेठी, प्रभारी चिकित्साधिकारी गौरीगंज, जगदीशपुर व मुसाफिरखाना को कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में शिकायतों का समयांतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने एवं शिकायतकर्ता को भी संतुष्ट करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वाधिक असंतुष्ट फीडबैक वाले विभागों को भी कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## युवक ने नाबालिग के साथ कुकर्म कर किया लहूलुहान

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर।क्षेत्र के ग्राम मौहर एवं धुंधपुर के मध्य सिजाहा नाला में एक युवक ने पड़ोसी गांव के नाबालिग बच्चे के साथ कुकर्म की घटना को अंजाम देकर लहूलुहान कर दिया।पीड़ित के पिता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसका आठ वर्षीय पुत्र खेत मे बुधवार को सुबह खेल रहा था। तभी करीब नौ बजे पडोसी गांव का एक युवक ने उसे बहला फुसलाकर सिजाहा नाला की ओर ले गया। जहां उसके साथ कुकर्म की घटना को अंजाम देकर लहूलुहान कर दिया। नाबालिग ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना से अवगत कराया। पीड़ित के पिता ने कैथी पुलिस चौकी में घटना की जानकारी दी। लेकिन उसे थाने में जाकर को तहरीर देने को कहकर टरका दिया गया। गुरुवार को पीड़ित पिता ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने अभी तक पीड़ित बच्चे का मेडिकल नहीं कराया है और न ही मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है। मामले की जांच कराकर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## देवर ने भाभी पर भाई को जहर देकर मारने का लगाया आरोप



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।गीडा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भरसाड़ टोला तेलियाडिह निवासी रोहित शुक्ल पुत्र कृपाशंकर शुक्ल ने भाभी पर भाई को जहर देकर मार डालने का आरोप लगाया है। आरोप है की बड़े भाई संतोष शुक्ल अपने पत्नी और बच्चों के साथ पानीपत में रहकर मजदूरी करते थे। भाभी का एक प्रेमी था। जिसको लेकर पति और पत्नी हमेशा तकरार होती रहती है। और भाभी भाई को हत्या करा देने की धमकी देती रहती है।16 जून को दिन में 11 बजे भाई से बात हुई थी। उनके द्वारा बताया गया था की पत्नी से जान का खतरा बना हुआ है। 28 जून को घर आने के लिए टिकट बुक है। 17 जून को भाभी अपने प्रेमी और अपने भाई के साथ मिलकर जहर देकर मार डाला। और उनके शव का दाहसंस्कार करा दिया। जानकारी मिलने पर जब पहुंचा तो भाभी से घर आने को कहा तो वह आने से इंकार कर दिया था। जानकारी मिली की भाई की मृत्यु जहरखोरी से हुई है। पीड़ित ने मामले की जांच कराकर भाभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग किया है।

## ब्लॉक प्रमुख ने लगवाया बैंक परिसर में फ्रीजर

अमन लेखनी समाचार शिवम सिंह

कुरारा, हमीरपुर।विकास खंड क्षेत्र के पारा गांव स्थित इंडियन बैंक शाखा परिसर में ठंडे पानी की व्यवस्था के लिए फ्रीजर लगाया गया है। जिससे बैंक शाखा में आने वाले ग्राहकों को ठंडा पानी मिलेगा। क्षेत्र के पारा गांव में इंडियन बैंक शाखा संचालित है। बैंक शाखा परिसर में ठंडे पानी की व्यवस्था के लिए प्रयास किए जा रहे थे। तथा ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल द्वारा क्षेत्र पंचायत से फ्रीजर की व्यवस्था की गई है। शाखा प्रबंधक भूपेंद्र कुमार ने बताया कि बैंक शाखा में आने वाले ग्राहकों को ठंडा पानी मिलेगा।इस अवसर पर समाजसेवी गणेश तिवारी, अमित श्रीवास्तव, मोहन भदौरिया, संजय गुप्ता, अशोक अवस्थी, गोविंद श्रीवास्तव आदि ने बताया कि ठंडे पानी की व्यवस्था हो जाने से लोगो को ठंडा पेयजल उपलब्ध हो गा।

## भीषण गर्मी से राहत, जलमग्न हुआ पीपीगंज रेलवे स्टेशन रोड

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।पीपीगंज में प्री-मानसून की पहली बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से तो राहत दी, लेकिन यह राहत क्षणिक ही रही। बारिश के साथ ही पीपीगंज रेलवे स्टेशन रोड पर जलभराव की समस्या विकराल हो गई है। रेलवे स्टेशन जाने वाले रास्ते पर जलभराव होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।बारिश के पानी में पैदल चलते हुए कई रेल यात्री फिसलकर गिर गए, जिससे उन्हें हल्की चोटें आईं।जलभराव के कारण रेलवे स्टेशन तक पहुंचने में यात्रियों को काफी समय लग रहा है। वहीं दुकानदारों ने ग्राहको और यात्रियों के लिए अपने दुकानों के सामने प्लास्टिक की कंटेनर रख दिए जिससे यात्रियों को आने जाने को सहूलियत



मिल सके।स्थानीय लोगों ने रेलवे और प्रशासन से जलभराव की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की है।उनका कहना है कि जलभराव के कारण रेल यात्रियों को परेशानी हो रही है, साथ ही दुर्घटना का भी खतरा बना हुआ है। नौतनवा से पीपीगंज आने वाले रोशन अली ने बताया जल जमाव की समस्या का कोई समाधान नहीं निकाला गया है।रेलवे और प्रशासन इस मामले में मौन हैं।उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।

## एडीएम ने नगर पंचायत किया निरीक्षण सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने का दिया निर्देश

### विभागीय परमिशन के बाद सड़क के क्रास नाले का निर्माण कार्य हुआ शुरू

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा में एडीएम ई पुरुषोत्तम दास गुप्त ने किया कई वार्डो का स्थलीय निरीक्षण किया।बाजार में साफ सफाई, अस्थाई गौशाला, नगर पंचायत द्वारा लगाए गए सभी पोलो व सार्वजनिक जगहों पर लाइट की व्यवस्था को देखकर संतुष्ट नजर आए।और नगर पंचायत में सरकारी जमीनों को अतिक्रमण से मुक्त करने का निर्देश दिया।और कहा कि सरकारी जमीनों को राजस्व विभाग द्वारा चिन्हित कर सुरक्षित किया जाए।



घघसरा बाजार में जल निकासी के लिए चेयरमैन प्रभाकर दुबे ने पी डब्लूडी विभाग से परमिशन लेकर सहजनवा बखिरा मार्ग पर सड़क के इस पार से उस पार क्रास पुल के द्वारा जल निकासी के लिए सड़क खोदकर नाले का निर्माण का कार्य को शुरू कराया गया।जिसके बनाने के बाद बाजार में नालियों का पानी इस पार से उस पर नाले में मिलकर बाहर निकल जाएगी।जिससे बाजार में जल निकासी की व्यवस्था सुचारू रूप से हो सकेगी।जिससे बाजार में जल जमाव नही होगा।जिससे पानी की समुचित निकासी हो सकेगी।जिस दौरान चेयरमैन प्रभाकर दुबे, ई ओ अमित नायक, राजनाथ यादव, प्रशांत कुमार, अमरेंद्र त्रिपाठी, सहित आदि कर्मचारी रहे।

## मुख्यमंत्री के आदेश पर कछार मार्ग का होगा चौड़ीकरण, दोनों तरफ लगेंगे बोल्डर

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत पिपरौली ब्लॉक के जैतपुर से लेकर अमटौरा -बनौडा कछार मार्ग के चौड़ीकरण तथा उच्चीकरण का आदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा प्राप्त होने से आमी नदी के कछार क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोगों ने खुशी जाहिर की। बताते चले कि इस कार्य के लिए भारतीय जनता पार्टी की युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह वीरू के नेतृत्व में भूतपूर्व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बेलवाडाडी सुरेंद्र निषाद और समाज सेवी परमात्मा सिंह ने एक हफ्ते पूर्व मुख्यमंत्री से लखनऊ में मुलाकात की थी तथा मुख्यमंत्री को लिखित ज्ञापन देकर इस मार्ग के उच्चीकरण और चौडीकरण के लिए ज्ञापन दिया था। जिसपर मुख्यमंत्री ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया था। त्वरित कार्रवाई करते हुए लोक निर्माण विभाग द्वारा आदेश प्राप्त होते ही क्षेत्र के दर्जनों गांव जिसमें अमटौरा, बनौडा, बेलवाडाडी, कटका, गाडर, कैली, कोल्हुई इत्यादि के लोगों ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बताते चलें की अमटौरा- बनौडा से जैतपुर की तरफ जाने वाली इस डेढ किमी कछार मार्ग जो एक सिंगल मार्ग था। जिस पर दोनों तरफ से गाड़ियों की आवा जाही नहीं हो पा रही थी। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने की वजह से प्रतिवर्ष बाढ़ आ जाने से रेनकट हो जाने से यह मार्ग क्षतिग्रस्त हो जाया करता था। जिससे इसकी पटरीयां बह जाया करती थी, जिससे आवा जाही में काफी दिक्कतों का सामना क्षेत्रवासियों को करना पड़ता था। जिसकी मांग के लिए क्षेत्र के लोगों ने काफी आंदोलन भी किया था। इसी मांग के संदर्भ में भाजपा युवा मोर्चा के महेंद्र सिंह वीरू के नेतृत्व में लखनऊ में मुख्यमंत्री से मिलकर मांग की गई थी।जल्द लोक निर्माण विभाग द्वारा इस मार्ग का सर्वे किया जाएगा तथा सिंचाई विभाग द्वारा इस मार्ग के दोनों तरफ बोल्डर भी लगाए जाएंगे तथा पहले से लगी हुई तीन पुलिया को और बड़ा किया जाएगा। जिससे इस क्षेत्र के समस्या का समाधान हो सके। इस पर क्षेत्र के भानु प्रताप सिंह, उग्रसेन सिंह, राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्ला सिंह, प्रभाकर सिंह, अनिल निषाद, ओमवीर यादव, राहुल सिंह, बुद्धीसागर सिंह इत्यादि ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## डीएम के निर्देश के बाद कस्बे में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

अमन लेखनी समाचार

मौदहा हमीरपुर।जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार कस्बे में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया गया, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित फुटपाथ के अगल-बगल लगी दुकानों को राजमार्ग की सीमा से हटाकर दूर रखने के निर्देश दिए गए तथा कस्बे को स्वच्छ रखने में भूमिका निभाने की बात कही गई है।

कस्बा स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग के अगल-बगल फुटपाथ में लगी दुकानों को वहां से हटाने के लिए उपजिलाधिकारी राजेश चंद्रा के नेतृत्व में नगर पालिका सहित वन विभाग तथा एआरटीओ ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग की सीमा से दूर रहने के लिए वहां दुकान रखे दुकानदारों को हिदायत दी गई तथा कस्बे में स्वच्छता बनाए रखने के लिए निर्देश दिए गए। अवगत हो कि हमेशा की तरह इस बार भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया लेकिन यह अभियान कब तक चलेगा और कितना चलेगा यह भविष्य के गर्भ में है लेकिन पिछले वर्षों की भांति चलाए गए अभियान में नगर पालिका प्रशासन के ऊपर सैकड़ो आरोप लगे जिसको नगर पालिका प्रशासन पचाकर हमेशा की तरह चुपचाप शांत हो गया लेकिन अब चलाया जा रहा अभियान कितना कारगर साबित होगा यह तो आने वाला समय ही बता सकता है। फिलहाल इस अभियान में मुख्य रूप से वन विभाग, नगर पालिका प्रशासन, आरटीओ विभाग सहित संबंध राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट, आठ पर दर्ज हुआ केस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवां तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के मझौरा में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने दोनो पक्षों के आठ लोगो के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी से हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के मझौरा निवासी शिव प्रसाद यादव और वीरेंद्र यादव के बीच रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप था की एक पक्ष ने बुधवार को सुबह सवा पांच बजे के करीब रास्ते में लकड़ी का बोटा रखकर रास्ते को रोक रखा था। दूसरा पक्ष जब रास्ते से लकड़ी का बोटा हटाने पहुंचा तो दोनो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनो पक्षों ने एक दूसरे पर खूब लाठियां चटकाई। जिसमे दोनो पक्षों के आठ लोग घायल हुए। पुलिस ने एक पक्ष के दुर्गावती देवी पत्नी शिव प्रसाद की शिकायत पर वीरेंद्र यादव, विकास, विशाल, प्रेमा देवी के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, जान से माने की धमकी देने, तोड़फोड़ का केस दर्ज किया है। वही दूसरे पक्ष के वीरेंद्र यादव पुत्र स्व रामकिशन की शिकायत पर पुलिस ने शिव प्रसाद यादव, फुलली देवी उर्फ राम प्रसाद, दिनेश यादव, अखिलेश यादव के खिलाफ, गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



**डॉक्टर सजेशन**

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# एक्सरसाइज करने से मिलेगी सरवाइकल पेन से राहत



**मेरी उम्र 44 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरी गर्दन के पिछले हिस्से में दर्द है। कभी-कभी खड़े होने पर आंखों के आगे अंधेरा छा जाता है। यह किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-नीरज, रोहतक**

आपने यह नहीं बताया कि आपका प्रोफेशन क्या है, क्या आप लंबे समय तक कंप्यूटर या लैपटॉप के साथ काम करते हैं। मौजूदा समय में तमाम लोगों को सर्वाइकल की समस्या हो रही है, इसकी मुख्य वजह लंबे समय तक एक ही पोजिशन में बैठना है। अगर ऐसा कुछ है तो आपको सबसे पहले एक्सरसाइज शुरू करनी चाहिए, इसके लिए फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क करें और सर्वाइकल की कुछ एक्सरसाइज सीखकर उसकी प्रैक्टिस शुरू कर दें, जिससे आपको स्थायी रूप इस दर्द से राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 31 वर्ष है। मुझे कुछ खाने का मन नहीं होता है। भूख महसूस नहीं होती है, कई घंटे कुछ ना खाने पर भी पेट भरा भरा-सा लगता है। कृपया इस समस्या का उपचार बताएं।**

**-अनुज, धमतरी**

आप बता रहे हैं कि आपको भूख नहीं लगती, इसका सामान्य कारण पाचन क्रिया प्रभावित होना होता है, जिससे खाया गया खाना डाइजेस्ट नहीं होता है। आप सबसे पहले खान-पान में थोड़ा परिवर्तन करें। तला, भुना खाना बंद कर दें। दोपहर के खाने में सलाद, दही और पपीता खाएं। रात में हल्का खाना खाएं और सोने से तीन घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह थोड़ा परिवर्तन करके देखें, अगर आराम मिलता है तो ठीक है, नहीं तो आप एक बार फिजिशियन डॉक्टर से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 25 वर्ष है। कभी-कभी मेरे सिर के दाहिनी तरफ तेज दर्द होने लगता है। धूप में निकलने पर या गर्मी में यह प्रॉब्लम अधिक होती है। कृपया इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-राजन, रायपुर**

माइग्रेन में ऐसे ही लक्षण देखे जाते हैं। तेज धूप में निकलने पर सिर दर्द हो जाता है। यह दर्द एक ओर होता है। इससे बचाव का एक ही तरीका है कि आप उन स्थितियों से बचें, जिससे आपका सिर दर्द शुरू होता है। आप डॉक्टर से संपर्क करके कोई मेडिसिन लिखवा लें और तेज दर्द होने पर उसे खा लिया करें।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। अकसर छोटी-छोटी बातों को लेकर मैं चिंतित और तनावग्रस्त हो जाता हूं। टेंशन की वजह से कई बार मेरा ब्लड-प्रेशर भी बढ़ जाता है। कुछ ऐसा उपाय बताएं, जिससे मैं चिंता और तनाव पर नियंत्रण रख सकूं।**

**-सदानंद, भोपाल**

इसका सबसे बेहतर तरीका है कि उन चीजों का समाधान करें, जिससे तनाव होता है। साथ ही आप सुबह-शाम आस-पास के पार्क में सैर और योग करें, इससे तनाव कम करने में मदद मिलेगी। अगर ब्लड प्रेशर ज्यादा बढ़ रहा है तो जरूर आप चिकित्सक से संपर्क कर कोई दवा लिखवा लें और उसे नियमित ले सकते हैं।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरे फेस पर अकसर कील-मुंहासे निकल आते हैं। कई क्रीम यूज कर चुका हूं। लेकिन उनसे कोई खास फायदा नहीं हुआ। इनसे छुटकारा पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-चेतन, डोंगरगढ़**

इस समस्या के लिए बाजार में उपलब्ध तरह-तरह के क्रीम लगाकर आप एक्सपेरिमेंट ना करें। इससे समस्या कम होने के बजाय और बढ़ सकती है। बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। आपको वे कोई मेडिसिनल क्रीम एडवाइस करेंगे, जिनका नियमित रूप में इस्तेमाल करें। इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 36 वर्ष है। मैं फील्ड-जॉब करता हूं। धूप में बाहर रहने से मेरी स्किन टैन हो जाती है। कृपया बताएं कि टैनिंग और सन-बर्न से कैसे बचा जा सकता है?**

**-मंजीत, बिलासपुर**

टैनिंग से बचने के लिए आप कोशिश करें कि कम से कम धूप में निकलें। अगर धूप में निकलना अनिवार्य है तो त्वचा का एक्सपोजर कम से कम हो, इसके लिए हाथ पैर ढंक कर रखें। साथ ही सनस्क्रीन लगा सकते हैं। इसके अलावा आप किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से कंसल्ट कर लें। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

---

**विशेषः विश्व मधुमेह जागृति दिवस**

आमतौर पर डायबिटीज होने की मुख्य वजह गलत जीवनशैली और अनहेल्दी खान-पान को फॉलो करना होता है। यही वजह है कि हाल के वर्षों में इसकी गिरफ्त में सबसे ज्यादा यंगस्टर्स ही आ रहे हैं। आज विश्व मधुमेह जागृति दिवस के अवसर पर यंगस्टर्स को डायबिटीज के प्रति अवेयर करने, उसके लक्षणों और बचाव के तरीकों के बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

# यंगस्टर्स में तेजी से बढ़ रही डायबिटीज की प्रॉब्लम

**अवेयरनेस**

रेखा देशराज

इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 7 करोड़ 50 लाख लोग डायबिटीज या मधुमेह से पीड़ित हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि मधुमेह से पीड़ित इन लोगों में बड़े पैमाने पर (20 से 25 फीसदी तक) युवा हैं, जिन्हें आमतौर पर पहले लाइफस्टाइल बीमारियां कम हुआ करती थीं। लेकिन वर्तमान में डायबिटीज एक ऐसी जानलेवा लाइफस्टाइल बीमारी बन गई है, जिसने पूरी दुनिया पर अपना शिकंजा कसा है। इसके चलते हर साल दुनिया भर से 67 लाख लोग असमय मौत के मुंह में समा जाते हैं। अकेले भारत में ही 6 लाख से ज्यादा लोग हर साल डायबिटीज की वजह से समय पूर्व मर जाते हैं। इसलिए हर साल 27 जून को विश्व मधुमेह जागृति दिवस मनाया जाता है, विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए।

## डिस्टर्ब लाइफस्टाइल का परिणाम

मधुमेह को साइलेंट किलर डिजीज इसलिए कहते हैं, क्योंकि चुपके से होने वाली एक जानलेवा बीमारी है। इसे होने से रोक पाना तो आसान होता है, लेकिन एक बार हो जाए तो फिर उससे छुटकारा पाना बहुत मुश्किल होता है। आमतौर पर मधुमेह बेतरतीब जीवनशैली का दुष्परिणाम होता है। इस दौर में युवाओं को ना सिर्फ सबसे ज्यादा मानसिक श्रम करना पड़ता है बल्कि उससे भी कहीं ज्यादा तनाव में रहना पड़ता है, क्योंकि हर तरफ जिंदगी में भागम-भाग लगी हुई है। अगर अलग-अलग क्षेत्रों के मानदंडों के हिसाब से देखें तो इस समय जहां 20वीं सदी के मध्य के दशकों के मुकाबले काम-काज के घंटे औसतन 2 से 3 बढ़ गए हैं, वहीं देखने वाली एक बात यह भी है कि आज काम-काज का तौर-तरीका बेहद जटिल और तनावपूर्ण हो चुका है। पहले जहां इंसान मैन्युअल तरीके से काम किया करता था, तो उसके काम-काज में गंभीर प्रतिस्पर्धा नहीं होती थी, लेकिन आज इंसान की सामान्य गतिविधियों में भी 50 प्रतिशत तक



तकनीक का हस्तक्षेप हो गया है, इसलिए आज काम-काज का तरीका बहुत तेज रफ्तार हो गया है, जो कि ज्यादा सजगता और लगातार ज्यादा मेहनत की मांग करता है।

## मेंटल प्रेशर भी है वजह

मौजूदा दौर में लोगों के बीच जानलेवा प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है और इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण बेहतर लाइफस्टाइल हासिल करने की होड़



है। क्योंकि इतिहास के किसी भी दौर से ज्यादा आज लोगों में उपभोक्तावादी प्रवृत्ति हावी है, इसलिए लोग ज्यादा से ज्यादा उपभोग करते हैं और ज्यादा से ज्यादा काम के बोझ से भी लदे रहते हैं। इन सब स्थितियों ने हमारी जीवनशैली को अतीत के मुकाबले ज्यादा आसान और सुविधायुक्त तो बनाया है, लेकिन ये सुविधाएं बहुत ज्यादा कीमत वसूल रही हैं। इस वजह से युवाओं में बहुत ज्यादा तनाव है, इस कारण पहले जो युवा मस्त और बेफिक्र हुआ करते थे, आज ऐसे युवा ढूंढ़ने पर भी नहीं मिलते। करियर से लेकर अच्छी नौकरी, आरामतलब लाइफ की चाहत और समय पर ईएमआई चुकाने का युवाओं पर जो भयानक दबाव है, उस दबाव को न झेल पाने के कारण हर साल भारत में हजारों नए युवा डायबिटीज के चक्रव्यूह में फंसने के लिए मजबूर हैं।


## यंगस्टर्स बरतें पूरी सावधानी

जीवनशैली की ऐसी स्थितियों को देखते हुए युवाओं को विशेष रूप से इस जानलेवा बीमारी से बचने की जरूरत है। पूरी दुनिया में जो 53 करोड़ 70 लाख लोग मधुमेह से पीड़ित हैं, उनमें करीब 17 करोड़ युवा हैं। भारत में करीब एक करोड़ से ज्यादा युवा अलग-अलग टाइप की डायबिटीज से पीड़ित हैं। इसलिए उन्हें अपने खान-पान से लेकर दिनचर्या तक में ज्यादा से ज्यादा सजग और अनुशासित रहना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, चाहे युवा हों या अधेड़, डायबिटीज से तभी बच सकते हैं, जब हम इससे अतिरिक्त रूप से सजग रहें और डायबिटीज के शुरुआती लक्षणों के दिखते ही सही ट्रीटमेंट शुरू कर दें।

## इन लक्षणों पर रखें नजर

बहुत सारे युवाओं को यह समझना थोड़ा मुश्किल होता है कि क्या वे डायबिटीज से पीड़ित हैं? यह जानने का सबसे आसान तरीका डायबिटीज के कुछ लक्षण हैं। डायबिटीज का शुरुआती लक्षण ब्लड प्रेशर का बढ़ना है। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ सकती है। अकसर तनाव में रहने के कारण भूख भी कम लगती है और आंखों के नीचे बहुत कम उम्र में ही काले-काले धब्बे दिखने लगते हैं। कुछ लोगों को जहां डायबिटीज में कम या बिल्कुल भूख नहीं लगती, वहीं कुछ दूसरे लोगों को ज्यादा भूख लगने लगती है। बार-बार थकान लगना, प्यास बहुत लगना, अचानक आंखों के सामने अंधेरा छा जाना और आखों की रोशनी का धीरे-धीरे कम होते जाना। डायबिटीज के ये सब लक्षण हैं और इसके कारण आप तेजी से बूढ़े दिखने लगते हैं। इसके अलावा याद्दाश्त कम होने लगती है और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से अरुचि हो सकती है। *

### बचाव का तरीका



**युवाओं को** डायबिटीज को लेकर विशेष रूप से सजग रहना चाहिए। उन्हें इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए और इसके शुरुआती लक्षणों पर नजर भी रखनी चाहिए। इससे बचाव का सबसे आसान तरीका है कि नियमित रूप से एक्सरसाइज की जाए। फास्ट फूड या जंक फूड्स के सेवन से बचा जाए। हर दिन युवा मोबाइल स्क्रीन पर जो 4 से 5 घंटे का वक्त बिताते हैं, उसे घटाकर एक से सवा घंटे तक लाया जाए और हर दिन भरपूर नींद ली जाए। अगर ये उपाय किए जाएं तो युवाओं का डायबिटीज से आसानी से बचाव हो सकता है। लेकिन अगर आप डायबिटीज से ग्रस्त हो ही जाएं तो ट्रीटमेंट शुरू करने में देर नहीं करनी चाहिए। इससे उसे कंट्रोल किया जा सकता है।

---

**सेल्फ ट्रीटमेंट**


डॉ. मोहित गुप्ता

कार्डियोलॉजिस्ट

जीबी पंत हॉस्पिटल, दिल्ली


आमतौर पर कोई सामान्य या गंभीर रोग होने पर मेडिकल ट्रीटमेंट की सलाह दी जाती है। यह तो जरूरी है ही लेकिन इसके साथ ही अगर आप सकारात्मक सोच के साथ निरंतर निरोग होने का संकल्प लेते हुए ध्यान भी करें तो चमत्कारी लाभ होता है।

# गंभीर रोगों में भी कारगर संकल्प-सही सोच-ध्यान



हालांकि आज के दौर में कम ही लोग इस बात को मानते हैं लेकिन इसमें संदेह नहीं कि दृढ़ संकल्प से कोई भी कार्य सिद्ध हो सकता है। हमारा मन ही अपने संकल्पों को दृढ़ या कमजोर करता है। कई बार हमें अपने संकल्पों पर विश्वास ही नहीं होता है कि वह पूरा भी होगा। इससे हमारी संकल्प की शक्ति कमजोर पड़ जाती है। अपने संकल्पों की शक्ति को किसी भी परिस्थिति में कमजोर ना होने दें। यदि हमारे मन की स्थिति सकारात्मक है तो संकल्प जरूर पूरा होता है। बीमारियों के इलाज में भी यह बात लागू होती है।

**ट्रीटमेंट में कारगर है संकल्प शक्तिः** आंतरिक शक्ति यानी संकल्प से किसी भी रोग का इलाज हो सकता है। इस बात को समझना बेहद जरूरी है कि हमारी सोच ही हमें बीमार और अच्छा बनाती है। जब मरीज हमारे पास आते हैं और हम उनके अंदर हिम्मत और उल्लास भरते हैं तो वह हील करने लगता है। आज साइंस भी मान चुका है कि मजबूत मनोबल वाले मरीजों का जब इलाज किया जाता है, तब दूसरे मरीजों की अपेक्षा वे जल्दी स्वस्थ होते हैं।

**ध्यान-योग बढ़ाए सकारात्मकताः** सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने के लिए योग और राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करना बेहद प्रभावी है, क्योंकि यह हमारे संकल्पों को पावरफुल बनाता है। जब हमारा दृष्टिकोण पॉजिटिव और पावरफुल होगा, तब हमारा जीवन भी पॉजिटिव और पावरफुल होगा। लोग नकारात्मक दृष्टिकोण, नकारात्मक भावनाओं और परिस्थितियों को अपने मन में लंबे समय तक बैठा लेते हैं, जो हमें बहुत नुकसान पहुंचाती है। उसी तरह हमारे पुराने या निरर्थक संकल्प, नेगेटिव संकल्प हमारे अंदर सकारात्मक संकल्पों को आने ही नहीं देते हैं। इसके कारण अच्छी चीजों को देखने की हमारी शक्ति क्षीण हो जाती है। मेडिटेशन का अभ्यास हमें यह सिखाता है कि अपने दृष्टिकोण, सोच और व्यवहार को बदलें। जब हम अपने संकल्पों को बदलकर सकारात्मक करते हैं तो उससे हमारी दृष्टि, वृत्ति, कृति, संस्कृति और सृष्टि सब बदल जाती है।

**रोज दोहराएं सकारात्मक संकल्पः** किसी रोग की हीलिंग का काम केवल डॉक्टरों का ही नहीं है, बल्कि हीलिंग के लिए बहुत आवश्यक है कि अपने संकल्पों को बहुत पावरफुल बनाएं और उस पावरफुल संकल्पों को बनाने के लिए अपने मनोबल और सोच को भी पावरफुल बनाना बहुत आवश्यक है। रोग के लिए दवाई तो जरूर लें, लेकिन इसके साथ ही मेडिटेशन यानी ध्यान को भी अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। इसके अलावा रोज ईश्वर को आभार व्यक्त करने का अभ्यास जरूर करें। रात को सोने से पहले तीन संकल्प अवश्य करें- पहला, मैं अपने आज के कार्य को समाप्त करता हूं। दूसरा, आज का दिन बहुत परफेक्ट और अच्छा रहा। जो कुछ भी मेरे साथ हुआ, उस नेगेटिव और पॉजिटिव भावना को अपने मन में नहीं रखूंगा और हर आत्मा के पति शुक्रिया की भावना रखूंगा। तीसरा, मेरा आने वाला कल सुपर, परफेक्ट और वंडरफुल होगा। उसको मुझे पावरफुल तरीके से क्रिएट करना है।

इन संकल्पों का अभ्यास रोज पूरे दिन में करना है। रोज अपने मन की सफाई करनी है। अपने मन में पॉजिटिव और अच्छे संकल्पों को रखना है। जब भी आप कुछ खाएं तो परमात्मा की याद में खाएं, क्योंकि भोजन भी हमें हील करता है। दवाई भी परमात्मा को याद करके खाना चाहिए। इन सबसे आप शीघ्र स्वस्थ होंगे, निरोग जीवन जिएंगे। *

**प्रस्तुतिःसंध्या रानी**

---

**हर्बल जोन**

# कई रोगों में उपयोगी जल ब्राह्मी



जल ब्राह्मी या गोटू कोला एक बारहमासी पौधा है, जो अजमोद परिवार का सदस्य है। इसमें विटामिन बी, विटामिन सी, प्रोटीन और टैनिन जैसे कई महत्वपूर्ण तत्व पाए जाते हैं। हर्बल एक्सपर्ट्स कहते हैं, अगर आप अपने स्किन का ख्याल प्राकृतिक तरीके से रखना चाहते हैं तो गोटू कोला को अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल कर सकते हैं।

**क्या है जल ब्राह्मीः** इसकी पत्तियां छोटे-मोटे पंख के आकार की होती हैं और इनमें सफेद या हल्के बैंगनी रंग के फूल आते हैं। इसका वैज्ञानिक नाम 'सेंटेला एशियाटिका' है। इसमें बहुत छोटे-छोटे अंडाकार फल निकलते हैं, जिनका कई औषधियों में इस्तेमाल होता है। लेकिन सबसे ज्यादा यह त्वचा को निखारने के लिए जानी जाती है। घावों को ठीक करने, मानसिक मंदता को दूर करने, कुष्ठ रोग और सोरायसिस के इलाज के लिए भी इसे यूज किया जाता है।

**त्वचा का रखवालाः** गोटू कोला नेचुरल एंटी-इंफ्लेमेट्री गुणों से भरपूर होता है। यह त्वचा को प्रदूषकों से होने वाले नुकसान से बचाता है। यह त्वचा की प्राकृतिक नमी को बरकरार रखता है और अत्यधिक गर्मी या सर्दी से त्वचा में आने वाली सूजन, लालिमा, रैशेज आदि को दूर करने में मदद करता है। यह त्वचा में कोलेजन को बरकरार रखता है, जिस कारण त्वचा कसी और चिकनी बनी रहती है। नियमित रूप से गोटू कोला का इस्तेमाल करने से त्वचा में झुर्रियों जैसे लक्षण बहुत कम दिखते हैं। इसके इस्तेमाल से जहां त्वचा साफ होती है, वहीं त्वचा में मौजूद नुकसानदायक टॉक्सिन भी बाहर निकल जाते हैं। गोटू कोला के एस्ट्रेंजमेंट स्वभाव के कारण ये चेहरे की त्वचा में मौजूद गैरजरूरी तेल को बाहर निकाल देता है और पोर्स को अच्छी तरह से साफ कर देता है, जिससे चेहरा बेहद निखरा-निखरा नजर आता है।

**कई रोगों में कारगरः** गोटू कोला में एंटीसेप्टिक गुण भी होते हैं। इसलिए इसके इस्तेमाल से त्वचा विभिन्न तरह के संक्रमणों से बची रहती है। अगर त्वचा में कहीं कोई घाव हो गया है तो गोटू कोला के नियमित इस्तेमाल से घाव बहुत जल्दी भर जाता है। यह तनाव भी कम करता हैं। जो लोग समय से पहले बूढ़े दिखने लगते हैं, उन्हें गोटू कोला का इस्तेमाल किसी हर्बल एक्सपर्ट की देख-रेख में करना चाहिए। यह शरीर में कफ को कम करता है, वात को शांत करता है और पित्त के लिए टॉनिक है। यह आर्थराइटिस में भी कारगर है और एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव के चलते इसका हमारे इम्यून सिस्टम पर भी सकारात्मक असर रहता है।

बहुगुणकारी होने के बावजूद गोटू कोला का इस्तेमाल हमेशा एक्सपर्ट की देख-रेख में ही करना चाहिए। * -एफएमएन

---

**डाइट सजेशन**

राजकुमार 'दिनकर'

देश-दुनिया के अनेक लोगों में ओवर वेट या ओबेसिटी एक बड़ी समस्या बनकर उभर रहा है। हालांकि इसे कंट्रोल करने में फिजिकल एक्टिविटी सबसे कारगर है लेकिन डाइट में बदलाव करके भी बढ़ते वेट को कंट्रोल कर सकते हैं।

# खान-पान में बदलाव से कर सकते हैं वेट कंट्रोल



कई-कई घंटे सिटिंग वर्क करना, काम की अधिकता और समय की कमी के कारण दिन भर अस्त-व्यस्त रहना, अनियमित दिनचर्या, ये कुछ ऐसी हैबिट्स हैं, जिनके चलते हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। इसका परिणाम सबसे पहले हमारी बढ़ी हुई तोंद यानी बैली फैट के रूप में सामने आता है। यह अकारण नहीं है कि आज देश-दुनिया में हर पांचवां नौजवान औसत से ज्यादा मोटा और हर आठवें नौजवान की तोंद बाहर निकली हुई है। हालांकि मिड और ओल्ड एज में यह समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। ओवर वेटेड या एक्सट्रा बैली फैट वाली फिगर हमारी पर्सनालिटी को तो बिगाड़ती ही है, यह हमारे लिए कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को भी जन्म देता है।

**लापरवाही है मुख्य वजहः** बॉडी वेट बढ़ना इस बात का परिचायक है कि आप अपनी हेल्थ और फिटनेस को लेकर लापरवाही बरतते हैं। अपनी लाइफस्टाइल पर ध्यान नहीं देते हैं और जरूरी फिजिकल एक्टिविटी नहीं करते हैं। इसके लिए डॉक्टर की सलाह पर वर्कआउट करने के साथ ही अपनी डाइट में भी कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**पुदीना-सौंफ-मूलीः** अगर आपका बैली फैट बढ़ा हुआ है, तो आपके लिए पुदीना काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। नियमित रूप से इसकी चटनी और पुदीने से बनी चाय पीजिए। जल्द ही एक्स्ट्रा फैट से निजात मिलेगी। आपके लिए सौंफ भी काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। इसके लिए आधा चम्मच सौंफ को एक कप पानी में उबालें और फिर करीब 10 मिनट तक के लिए इसे ढंककर रख दें। इसके बाद इस पानी का सेवन करें। लगातार तीन महीने तक ऐसा करने से आपके बढ़े हुए वजन में कमी दिखने लगेगी। मूली को सलाद के रूप में खाने के अलावा इसके रस का सेवन करना भी वेट लूज करने में हेल्पफुल हो सकता है। दो बड़े चम्मच मूली के रस में शहद की बराबर मात्रा मिलाकर, इसे पानी के साथ पी लें। एक महीना ऐसा करने से आपके वजन में निश्चित रूप से फर्क दिखेगा।



**ये भी हैं फायदेमंदः** टमाटर और प्याज भी फैट कम करने में काफी फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इसके लिए खाने के साथ टमाटर और प्याज के सलाद पर काली मिर्च पावडर और नमक डालकर खाइए। इससे बढ़ता वजन कम होने लगेगा। करेले की सब्जी खाने से भी वजन में फर्क पड़ता है। इसके लिए कम तेल में कटे हुए करेले की सब्जी खाएं लेकिन तले हुए करेले की सब्जी ना खाएं। ग्रीन-टी भी मोटापा कम करने में सहायक है। ग्रीन-टी का सेवन तभी फायदेमंद है जब इसमें चीनी और दूध ना मिलाया जाए। लौकी का जूस वजन घटाने का एक अच्छा माध्यम है। इससे आपका पेट भी भरा रहता है और इसमें मौजूद फाइबर्स शरीर को स्वस्थ रखते हैं। जाहिर है, मोटापा तो कंट्रोल में रहता ही है। अपने वेट को लूज करने में गाजर की भी काफी उपयोगिता है। इसके लिए खाना खाने से कुछ देर पहले गाजर खाएं। गाजर का जूस भी वजन कम करने में सहायक होता है। पपीता भी फायदेमंद है। लंबे समय तक पपीते का सेवन फैट को कम करता है। मोटापा कम करने के लिए छाछ का सेवन भी काफी उपयोगी है। लेकिन लस्सी की तरह इसे ना पीएं। कहने का सार यही है कि शारीरिक मेहनत करने के साथ खान-पान में यहां बताए गए बदलाव के जरिए भी आप अपना बैली फैट कम कर सकते हैं, मोटापे को नियंत्रित कर सकते हैं। लेकिन वेट लूज करने के लिए यहां बताई गई किसी भी डाइट को फॉलो करने से पहले अपने डॉक्टर से कंसल्ट जरूर कर लें। *

